www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.755g

चांदी 107,000kg

2 निराश-हताश करती नौकरशाही, कई मामलों में स्थिति जस की तस

मजदूर से दबंगों ने मांगे शराब के पैसे 04

वर्ष :09 | अंक :26 | मुंबई , गुरुवार , 17 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## छात्र के आत्मदाह के विरोध में विपक्ष एकजुट, ओडिशा बंद का किया आह्वान

कांग्रेस सहित कम से कम आठ राजनीतिक दलों ने ओडिशा के एक छात्र की आत्मदाह के कारण हुई मौत पर ओडिशा बंद का आह्वान किया है। यह घटनाक्रम कांग्रेस और बीजू जनता दल (बीजद) कार्यकर्ताओं द्वारा भुवनेश्वर में एम्स के बाहर विरोध प्रदर्शन के कुछ घंटों बाद हुआ, जहां छात्रा का शनिवार, 12 जुलाई से इलाज चल रहा था। बालासोर के फकीर मोहन स्वायत्त महाविद्यालय की 20 वर्षीय छात्रा ने पिछले हफ़्ते खुद को आग लगा ली थी। छात्रा का आरोप था कि उसके कॉलेज के एक प्रोफेसर द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। 95 प्रतिशत तक जलने के कुछ दिनों बाद, सोमवार देर रात छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। भुवनेश्वर स्थित एम्स के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए, पार्टियों ने राज्य सरकार पर मामले को छुपाने का आरोप लगाया और उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज को बर्खास्त करने की मांग की। बीजद नेता सुलता देव ने कहा, पोस्टमॉर्टम रात में क्यों किया गया? शव रात में इसलिए लाया गया ताकि किसी को पता न चले। उन्होंने यह भी बताया कि बीजद नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर इस मामले में हस्तक्षेप की माँग की।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त, दंगा-रोधी बंदूकें और आईईडी भी बरामद

मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) ने मंगलवार को पहाड़ी राज्य में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए, जो पिछले कुछ वर्षों में घातक जातीय संघर्ष का गवाह रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई ने मणिपुर डीजीपी कार्यालय के हवाले से बताया कि संयुक्त अभियान में, बलों ने इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिले के इलाकों में ग्रेनेड, आईईडी, एके सीरीज और इंसास राइफलें, पिस्तौल, दंगा-रोधी बंदूकें और एसबीबीएल जब्त किए। 3 जुलाई की रात और 4 जुलाई की सुबह, इसी तरह के एक अभियान में, मणिपुर पुलिस ने राज्य के पहाड़ी जिलों में व्यापक तलाशी अभियान के दौरान 200 से ज्यादा हथियार बरामद किए। ये छापे अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था स्थिर रहने के बीच, पुलिस ने तलाशी अभियानों में हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। ये अभियान मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा शुरू की गई व्यापक कार्रवाई का हिस्सा हैं। पिछले हफ़्ते, मणिपुर पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ़्तार किया

# 'जेल जाएंगे असम के सीएम , नहीं बचा पाएंगे पीएम मोदी-अमित शाह'

### बीजेपी और चुनाव आयोग एक साथ काम कर रहे, असम में बोले राहुल- वोटर लिस्ट से लाखों लोगों को हटाया जा रहा

**आरोप**

राहुल ने बुधवार को अपने दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यहां के सीएम खुद को सीएम नहीं, बल्कि असम का राजा समझते हैं और असम के राजा 24 घंटे आपके पैसे, जमीन अंबानी या अडानी को देने में व्यस्त रहते हैं।

एजेंसी

असम। असम के चायगांव में एक भाषण में ग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर एक निर्वाचित राज्य प्रमुख के बजाय एक सम्राट की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि ग्रैंड ओल्ड पार्टी का बब्बर शेर उन्हें जेल भेज देगा। राहुल ने बुधवार को अपने दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यहां के सीएम खुद को सीएम नहीं, बल्कि असम का राजा समझते हैं और असम के राजा 24 घंटे आपके पैसे, जमीन अंबानी या अडानी को देने में व्यस्त रहते हैं। भाजपा नीत राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए गांधी ने आगे कहा, अगर आप उन्हें टीवी पर सुनेंगे, तो उनकी आवाज में डर साफ दिखाई देगा। वो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, चिल्लाते हैं, लेकिन अगर आप टीवी पर उनका चेहरा देखें, तो उनकी आवाज में डर साफ दिखाई देगा, क्योंकि उन्हें पता है कि एक दिन कांग्रेस के शेर उन्हें जेल भेज देंगे। उन्हें पता है कि उन्होंने जो भ्रष्टाचार किया है, उसका उन्हें असम की जनता को जवाब देना होगा... कुछ समय में वो जेल जाएँगे, उन्हें कोई नहीं बचा सकता... न तो प्रधानमंत्री मोदी और न ही अमित शाह उन्हें बचा पाएँगे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कुछ समय पहले महाराष्ट्र में चुनाव हुआ और वहां बीजेपी ने जबरदस्त तरीके से चीटिंग की। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच चार महीने में एक करोड़ नए मतदाता बने। हमने चुनाव आयोग से पूछा- ये लोग कहां से आए, ये कौन हैं.. हमें वोटर लिस्ट दिखाइए और वीडियोग्राफी दीजिए।



**भाजपा के भ्रष्टाचार के कारण बर्बाद हो रही है सार्वजनिक व्यवस्था : राहुल**

हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी के बयान का जवाब एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दिया। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी बड़े आराम से भूल गए कि वे स्वयं देशभर में दर्ज कई आपराधिक मामलों में जमानत पर हैं। सरमा ने राहुल को तंज कसते हुए असम की मेहमाननवाजी का आनंद लीजिए। इसके साथ ही आगे उन्होंने कहा कि केवल मुझे जेल भेजने की बात कहने के लिए राहुल गांधी असम आए हैं।

**राहुल गांधी के बयान पर हिमंत बिस्वा सरमा का जवाब**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के इस बयान पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी असम आते हैं और मुझे जेल भेजने की बात करते हैं लेकिन वह भूल जाते हैं कि वह खुद जमानत पर बाहर हैं. एक्स पर पोस्ट कर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, लिख कर ले लीजिए, हिमंत बिस्वा सरमा को जेल जरूर भेजेगा- यही यह वही वाक्य है जो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असम में कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति के साथ अपनी बंद बैठक में कहा, लेकिन हमारे नेता जी यह कितनी आसानी से भूल गए कि वे स्वयं देशभर में दर्ज कई आपराधिक मामलों में जमानत पर हैं. मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं, राहुल जी. आज के दिन असम की मेहमाननवाजी का आनंद लें.

# अकबर 'क्रूर लेकिन सहिष्णु', औरंगजेब 'कट्टर धार्मिक'


### एनसीईआरटी की किताब में मुगल काल की नई समीक्षा; कक्षा 8 के सिलेबस में शामिल हुआ

**अकबर का शासन क्रूरता-सहिष्णुता का मिश्रण**

अकबर के शासन को किताब में क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण बताया गया है। लिखा गया है कि 1568 में चित्तौड़ के किले की घेराबंदी के दौरान अकबर ने लगभग 30,000 नागरिकों की हत्या और बचे हुए महिलाओं और बच्चों को गुलाम बनाने का आदेश दिया था।

एजेंसी

नयी दिल्ली। अकबर का शासन क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण था, जबकि औरंगजेब एक सैन्य शासक था जिसने गैर-इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया और गैर-मुसलमानों पर टैक्स लगाया। मुगल काल की ये नई समीक्षा एनसीईआरटीकी कक्षा 8 की किताब में शामिल की गई है। एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी।




**बाबर को बताया सैन्य रणनीतिकार**

किताब में मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को 'तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार' लिखा गया है। इसके साथ बताया गया कि बाबर ने 1526 में पानीपत की लड़ाई में बारूद और तोपखाने की मदद से इब्राहिम लोदी को हराया और दिल्ली सल्तनत का अंत कर दिया।

बाबर का बेटा हुमायूं साम्राज्य को बचाए रखने के लिए संघर्ष करता रहा और एक समय के लिए उसने शेर शाह सूरी से हारकर साम्राज्य खो भी दिया था। किताब में बताया गया है कि कैसे शेर शाह सूरी के हिंदू सेनापति हेमू को अकबर की सेना ने पकड़ा और पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद सिर कलम कर दिया।

**इसकी जानकारी अकबर के इस विजय पत्र से मिली**

इसके अलावा अकबर ने जजिया कर समाप्त किया, राजपूतों का स्वागत अपने दरबार में किया, और 'सुल्ह-ए-कुल' यानी सभी से शांति की नीति को बढ़ावा दिया। उसने फतेहपुर सीकरी में एक अनुवाद विभाग स्थापित किया।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में सैनिक अरेस्ट

### पंजाब स्पेशल ऑपरेशन सेल ने जम्मू-कश्मीर से पकड़ा, आर्मी की जानकारी शेयर करता था

**जेल से भी मंगवा लेता था जानकारी**

स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने कुछ दिन पहले एक पूर्व फौजी को फिरोजपुर जेल प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तारी डाली थी। जब उससे पूछताछ हुई तो उसने कबूला था कि उसकी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लोगों से संपर्क है।



एजेंसी

चंडीगढ़, पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में एक भारतीय सैन्यकर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान देविंदर सिंह, निवासी गांव निहालगढ़, शादीहारी, जिला संगरूर के रूप में हुई है। उसे उरी, जिला बारामूला, जम्मू और कश्मीर से गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी पहले काबू किए गए पूर्व फौजी गुरप्रीत सिंह उर्फ फौजी से पूछताछ के आधार पर की गई। वह सेना से जुड़ी गुप्त जानकारियां आईएसआई से जुडे.लोगों को देता था।

साथ ही वह उनके साथ सेना से जुड़ी जानकारियां शेयर करता है। उसने बताया था कि वह सेना में कई जगह रहा है। जहां सेना के लोगों से अच्छे लिंक है। उनसे वह जानकारी जेल से ही मंगवा लेता है। इसके बाद अब यह अरेस्ट हुई है। इसके बाद जब जांच आगे बढ़ी तो यह गिरफ्तारी हुई है।

**दोनों ट्रेनिंग में मिले, कई जगह साथ रहे है**

देविंदर से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह और गुरप्रीत दोनों वर्ष 2017 में एक-दूसरे के संपर्क में आए थे, जब वे दोनों पुणे स्थित सेना प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण ले रहे थे और तब से एक-दूसरे को जानते हैं। उन्होंने सिक्किम और जम्मू-कश्मीर में अपनी सेवा के दौरान विभिन्न सैन्य कार्यों में एक साथ काम किया है।

**अदालत ने छह दिन के रिमांड पर भेजा**

स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल की एआईजी रवजोत ग्रेवाल ने कहा कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। अब दोनों आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया है। अदालत ने उसे छह दिन के रिमांड पर भेजा है। उम्मीद है कि पूछताछ में और राज खुलेंगे।

## पहलगाम हमले के बाद आतंकियों ने जश्न मनाया

मौके पर कई राउंड फायरिंग की; टेररिस्ट के मददगार दो स्थानीय गिरफ्तार, घर में खाना खिलाया था

एजेंसी

श्रीनगर , पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के बाद आतंकियों ने मौके पर जश्न मनाया। उन्होंने खुशी मनाते हुए हवा में कई राउंड फायरिंग की। ये खुलासा राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में हुआ है ।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 3 आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया। घटना के तुरंत बाद एक स्थानीय व्यक्ति ने आतंकियों को हवा में फायरिंग करते देखा। यही व्यक्ति अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी के लिए अहम गवाह बन गया है ।गवाह ने बताया कि घटना के बाद जब वह बायसरन से लौट रहा था।

# बंगालियों से भेदभाव पर ममता का पैदल मार्च

### कहा-बीजेपी बंगाली बोलने वालों को परेशान कर रही; सुवेंदु बोले- ये अवैध घुसपैठियों को बचाने की कोशिश

**ममता बोलीं- अब से ज्यादा से ज्यादा बांग्ला बोलूंगी**

सीएम ममता ने कहा, 'मैं आपको (बीजेपी) चैलेंज करती हूं कि साबित कीजिए कि बांग्ला बोलने वाले प्रवासी लोग रोहिंग्या मुसलमान हैं। बंगाल के 22 लाख प्रवासी श्रमिक देश के अन्य हिस्सों में काम कर रहे हैं, उनके पास वैध पहचान दस्तावेज हैं।'

एजेंसी

कोलकाता , पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ममता ने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। अब से मैंने तय किया है कि मैं बांग्ला में ज्यादा बोलूंगी। अगर आप मुझे डिटेंशन कैंप में रखना चाहते हैं तो रखें। यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक निकाली गई। इसमें अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के कई बड़े नेता इस रैली में शामिल हुए। 'मैं बंगालियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करूंगी। भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी और विदेशी कहकर प्रताड़ित और जेल और डिटेंशन कैंप में भेजा जा रहा है। क्या बंगाल देश का हिस्सा नहीं है।'

> कोलकाता के अलावा पार्टी ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर आने वाले हैं।



# खराब मौसम के कारण दिल्ली में 5 फ्लाइट डायवर्ट

### राजस्थान में सेल्फी लेते वक्त झरने में डूबा जेईई स्टूडेंट; प्रयागराज में सड़क पर अंतिम संस्कार

> मध्य प्रदेश में 18 जिलों में तेज बारिश हो रही है। आलीराजपुर में उर नदी उफान पर है। शहडोल के बाणसागर डैम के 8 गेट खोले गए। बैतूल में सतपुड़ा बांध के 5 गेट 2 फीट तक खोले गए। डिंडौरी-मंडला में तेज बारिश हुई।

एजेंसी

नई दिल्ली, दिल्ली-एनसीआर में बीते एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। पिछले तीन दिनों से बारिश लगातार हो रही है। बुधवार को भी तेज बारिश जारी है। खराब मौसम के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने वाली इंडिगो-एअर इंडिया की 2-2 फ्लाइट जयपुर और एअर इंडिया की 1 फ्लाइट अमृतसर डायवर्ट की गईं। राजस्थान के जयपुर में बीसलपुर बांध लगभग पूरा भर गया है। बूंदी में सेल्फी लेते वक्त खएए स्टूडेंट झरने में बह गया, 8 घंटे बाद उसकी डेडबॉडी मिली। टोंक में बुजुर्ग नदी में डूबा, करौली में भी युवक की गंभीर नदी में डूबने से मौत हुई। राज्य में 3 दिन में 20 लोगों की मौत हुई। यूपी के 20 से ज्यादा शहरों में बारिश जारी है। गंगापार-यमुनापार के कछारी इलाकों के 200 से ज्यादा गांव पर बाढ़ का खतरा है। प्रयागराज में 5 लाख लोग बाढ़ से परेशान हैं।




# अदालतों में टॉयलेट की कमी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

### 20 हाईकोर्ट से 8 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी; पुरुष-महिला, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग टॉयलेट्स के निर्देश

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन ने आज सुनवाई के दौरान सभी हाईकोर्ट को रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 हफ्ते का समय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर इस बार रिपोर्ट नहीं आई तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को खुद सुप्रीम कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा।

एजेंसी

नई दिल्ली , देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए।



**टिप्पणी** "क्षेत्रीयता को बढ़ावा देना सांप्रदायिकता जितना खतरनाक है"

# सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों पर की सख्त टिप्पणी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राजनीतिक दलों द्वारा वोट पाने के लिए क्षेत्रीयता को बढ़ावा देने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत की एकता और अखंडता के लिए उतना ही खतरनाक है, जितना समाज में सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देना। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा, ₹क्षेत्रीय दल खुलेआम क्षेत्रीयता को बढ़ावा देते हैं और चुनावों के दौरान इसी आधार पर वोट मांगते हैं। क्या यह देश की एकता और अखंडता के खिलाफ नहीं है ?₹ यह टिप्पणी उस वक्त आई जब अदालत ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का पंजीकरण रद्द करने की याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया। अदालत ने कहा कि जब कई राजनीतिक दल सांप्रदायिकता में लिप्त हैं, तब वह किसी एक पार्टी को निशाना नहीं बना सकती। हम आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना शिवसेना के अध्यक्ष तिरुपति नरसिंह मुरारी द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का पंजीकरण रद्द करने की मांग की गई थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने जो टिप्पणियां कीं हैं, वे केवल इस मामले तक सीमित नहीं हैं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और राजनीतिक व्यवस्था की गहराई से पड़ताल करने का अवसर भी देती हैं।



> हम आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना शिवसेना के अध्यक्ष तिरुपति नरसिंह मुरारी द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का पंजीकरण रद्द करने की मांग की गई थी।

हम आपको बता दें कि याचिकाकर्ता का तर्क था कि एआईएमआईएम का संविधान और उसकी गतिविधियां भारत के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ हैं। उनका कहना था कि एआईएमआईएम केवल मुस्लिम समुदाय के हित में काम कर रही है, जो संविधान के मूल स्वरूप के प्रतिकूल है। इसके अतिरिक्त याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि एआईएमआईएम धार्मिक ग्रंथों का प्रचार-प्रसार करती है, जो राजनीतिक दलों के लिए अनुचित है। इस पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसी याचिकाएं केवल किसी एक पार्टी या व्यक्ति को लक्षित करके नहीं लानी चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि ₹आप ऐसी याचिका दाखिल करें जो किसी एक दल तक सीमित न हो। केवल सांप्रदायिकता पर ध्यान केंद्रित करना पर्याप्त नहीं है। क्षेत्रीय दल भी जाति आधारित राजनीति करते हैं और यह भी उतना ही खतरनाक है।

# केंद्र की बनाई समिति के फैसले का करें इंतजार, फिल्म निर्माता को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत




समिति बुधवार को दोपहर 2.30 बजे बैठक करेगी। आरोपी मोहम्मद जावेद द्वारा बनाई गई फिल्म की रिलीज के खिलाफ आपत्ति पर भी सुनवाई करने का निर्देश दिया गया और समिति से इस मुद्दे पर तुरंत निर्णय लेने को कहा गया। अदालत ने फिल्म निमार्ताओं और पीड़िता के बेटे कन्हैया लाल को पुलिस से संपर्क करने और यदि कोई खतरा महसूस होता है तो उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की अनुमति दी है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उदयपुर फाइल्स फिल्म की रिलीज पर सुनवाई स्थगित कर दी, तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गठित समिति के समक्ष समीक्षा याचिका की कार्यवाही के परिणाम का इंतजार किया। अदालत इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को करेगी। समिति बुधवार को दोपहर 2.30 बजे बैठक करेगी। आरोपी मोहम्मद जावेद द्वारा बनाई गई फिल्म की रिलीज के खिलाफ आपत्ति पर भी सुनवाई करने का निर्देश दिया गया और समिति से इस मुद्दे पर तुरंत निर्णय लेने को कहा गया। अदालत ने फिल्म निमार्ताओं और पीड़िता के बेटे कन्हैया लाल को पुलिस से संपर्क करने और यदि कोई खतरा महसूस होता है तो उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की अनुमति दी है। फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित है, जिनकी कथित तौर पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी का समर्थन करने वाले एक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण हत्या कर दी गई थी। मामले के आठवें आरोपी मोहम्मद जावेद ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की। उन्होंने मुकदमा पूरा होने तक फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की। यह फिल्म पहले 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

## सम्पादकीय

### भारतीयों को सशंकित कर रहा है चीन, लेकिन रिश्तों में सुधार की उम्मीद कम

सर्वेक्षण के साथ अंतरराष्ट्रीय मामलों में सजग भारतीयों की रुचि यह दशार्ती है कि भारत के समक्ष चुनौतियों को लेकर उनमें और खासकर युवाओं में गहरी समझ है। आने वाले समय में उनके दृष्टिकोण में कुछ बदलाव भी प्रत्यक्ष होंगे लेकिन जिस तरह की परिस्थितियां आकार ले रही हैं उसमें उनके मनोभावों को और मजबूती ही मिलेगी। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका की दोबारा कमान संभालने के बाद से वैश्विक ढांचे में अस्थिरता-अनिश्चितता का भाव निरंतर बढ़ने पर है। नीति निर्माण से जुड़े उनके मनमाने एवं एकतरफा रवैये का असर अमेरिका के दोस्तों के साथ ही उसके प्रतिद्वंद्वियों पर भी समान रूप से पड़ रहा है। यूक्रेन-रूस युद्ध, पश्चिम एशिया में जारी टकराव, दक्षिण एशिया में आतंक का बढ़ता प्रकोप और चीन की आक्रामकता में हो रही वृद्धि जैसे पहलू भी अंतरराष्ट्रीय मामलों की दशा-दिशा पर अपना असर डाल रहे हैं। समय के साथ वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका भी बढ़ी है, तो वैश्विक ढांचे को नया आकार देने में भारतीयों की आकांक्षाएं भी उसी अनुपात में बढ़ रही हैं। आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन-ओरआएफ ने एक सर्वे के जरिये इन आकांक्षाओं की थाह लेने का प्रयास किया है। इसमें कुछ दिलचस्प संकेत उभरते हैं। इस बार ओरआएफ का विदेश नीति संबंधी सर्वे चीन की चुनौतियों के संदर्भ में युवा भारत के मन की थाह लेने पर केंद्रित है। आखिर देश का युवा विदेश नीति संबंधी निर्णयों एवं चुनौतियों को किस रूप में देखता है। इस सर्वे में देश के 19 शहरों में 11 भाषाओं के जरिये 18 से 35 वर्ष की आयु के पांच हजार से अधिक युवाओं से संवाद किया गया। चूंकि यह सर्वे पिछले वर्ष 22 जुलाई से 26 सितंबर के बीच हुआ, इसलिए इसमें ट्रंप के दोबारा अमेरिका की कमान संभालने के प्रभाव से लेकर पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में आपरेशन सिंदूर जैसे अभियान एवं भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर नजरिया सामने नहीं आ सका, लेकिन इसकी व्यापक झलक जरूर मिलती है कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और उनके प्रति भारत के दृष्टिकोण को लेकर हमारा युवा वर्ग क्या सोचता-समझता है। सबसे प्रमुख पहलू तो यह उभरा कि भारत की विदेश नीति के प्रति समर्थन में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है और करीब 88 प्रतिशत उत्तरदाताओं का रवैया इसे लेकर सकारात्मक है। वर्तमान परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता को लेकर यह बढ़ते भरोसे का प्रतीक है। चीन को लेकर भावनाओं का आकलन करना था तो उत्तरदाताओं के बीच भी इस मुद्दे की महत्ता बखूबी महसूस हुई। 89 प्रतिशत ने माना कि चीन के साथ सीमा विवाद भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसके बाद 86 प्रतिशत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को दूसरी, जबकि 85 प्रतिशत ने पाकिस्तान के साथ सीमा विवाद को तीसरी सबसे प्रमुख चुनौती के रूप में चिह्नित किया।

## आज का विचार







**मेष राशि:** करियर: आज के दिन वर्कस्पेस पर आपको नियमित गतिविधियों में अतिरिक्त प्रयास करना होगा. मानसिक तनाव रहेगा. बिजनेस: बिजनेसमैन के लिए दिन बहुत संतोषजनक नहीं दिख रहा है, सोचे गए मुनाफे प्राप्त करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ सकती है धन: आर्थिक दृष्टि से दिन मिला-जुला रहने वाला है. आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं.

**वृषभ राशि :** करियर: कार्यक्षेत्र पर काम का दबाव बढ़ सकता है. वर्क ओवर लोड भी रहेगा. बिजनेस: व्यापार में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं. धन: परिवार में किसी की तबीयत बिगड़ सकती है. शिक्षा: छात्रों को कल के दिन अधिक मेहनत करने की जरूरत है. लव/पारिवारिक: कोई शुभ समाचार मिल सकता है. किसी काम के प्रति मन उदास न करें.

**मिथुन राशि:** करियर: करियर के लिहाज से ये समय आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. बिजनेस: बिजनेस करते समय निवेश का भी ध्यान दें. फिजूलखर्ची से बचें. धन: धन के मामले में लापरवाही न बरतें. ये समय धन का सही उपयोग करने का है. शिक्षा: पढ़ाई में मन नहीं लगेगा. अन्य कामों की ओर मन भगेगा.

**कर्क राशि:** करियर: काम का तनाव रहेगा. बिना-वजह की टेंशन लेने से बचें. बिजनेस: व्यापार के लिहाज से ये समय महत्वपूर्ण रहने वाला है. व्यापार मंदा पड़ सकता है. धन: धन के निवेश के लिए प्रेरित हो सकते हैं.

**सिंह राशि:** करियर: किसी भी तरह के निर्णय लेने से पहले घरवालों से राय जरूर लें. बिजनेस: बिजनेस के लिहाज से अच्छी डील साइन कर सकते हैं. धन: धन के साथ बचत भी ध्यान दें. ज्यादा खर्चों से बचें. शिक्षा: विद्यार्थियों के लिए उनका दिन हक में रहने वाला है.

**कन्या राशि :** करियर: किसी खास क्षेत्र के जानकार की राय मिल सकती है. बिजनेस: व्यापार में कल के दिन उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है. धन: घर में धन का आगमन हो सकता है. किसी पुरानी जमीन का फायदे में सौदा हो सकता है. शिक्षा: दोस्तों के साथ पढ़ने का मन बना सकते हैं.

**तुला राशि :** करियर: कोई भी ऐसा कम करने से बचें, जिससे करियर में बाधा आए. बिजनेस: भरोसे और समझदारी के साथ ही व्यापार में किसी के साथ साझेदारी करें. धन: धन का लाभ होगा. शिक्षा: पढ़ाई में मन नहीं लगेगा.

**वृश्चिक राशि:** करियर: करियर के लिहाज से ये समय आपके पक्ष में रहने वाला है. बिजनेस: पैसों के मामले में लेन-देन करते समय सावधानी बरतें. धन: किसी भी तरह का खर्चा फालतू की चीजों में करने से बचें. शिक्षा: सेहत का ध्यान दें, नहीं तो पढ़ाई पर इसका गलत प्रभाव देखने को मिलेगा.

**धनु राशि :** करियर: किसी भी नए काम को शुरू करने से पहले सावधानी बरतें. बिजनेस: कल के दिन व्यापार में घाटा हो सकता है. धन: पैसों के मामले में सावधानी बरतें. शिक्षा: कल के दिन छात्रों के हक में परिणाम आएगा.

**मकर राशि:** करियर: करियर के लिहाज से नए लोगों के साथ जुड़ने और काम करने का मौका मिल सकता है. बिजनेस: किसी ग्राहक से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं. धन: निवेश के मामले में जानकारों से सलाह ले सकते हैं.

**कुंभ राशि:** करियर: जिस अवसर की तलाश में थे, वो अवसर मिल सकता है. बिजनेस: व्यापार में लाभ मिलेगा. धन: किसी जानकार से धन की प्राप्ति होगी. शिक्षा: पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत है. लव/ पारिवारिक: पति-पत्नी के बीच प्यार बढ़ेगा.

**मीन राशि :** करियर: कार्य में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. बिजनेस: व्यापार में मिला-जुला मुनाफा होगा. धन: धन से जुड़े मामले में फैसला आपके पक्ष में आएगा. शिक्षा: छात्रों को मेहनत करने की जरूरत है. लव/पारिवारिक: परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# निराश-हताश करती नौकरशाही, कई मामलों में स्थिति जस की तस

> **नौकरशाही में बगैर जरूरी सुधार लाए देश को अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। जिन नेताओं और नौकरशाहों ने सरकारी तंत्र में सुधार लाने में योगदान दिया है और दे रहे हैं उनकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए लेकिन जिन्होंने योगदान नहीं दिया उनकी पहचान भी होनी चाहिए।**

पा नौकरशाही के कार्य-व्यवहार को जानने के लिए चंद दिनों की कुछ चर्चित घटनाओं पर चर्चा करते हैं। कुछ दिनों पहले गुजरात में दो प्रमुख शहरों को जोड़ने वाला एक पुल गिर गया। महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल के दो हिस्सों में टूटने से उस पर चल रहे कई वाहन नदी में गिर गए। इस हादसे में मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच चुकी है। इस हादसे के बाद शोक संवेदना, जांच, कार्रवाई के वैसे ही स्वर सुनाई दिए, जैसे सुनाई देते रहते हैं। पुल गिरने के लिए कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। इन निलंबित अधिकारियों को देर-सबेर बहाल कर दिया जाए तो बड़ी बात नहीं। यह पुल 40 साल पुराना था, लेकिन इतना पुराना पुल बहुत पुराना नहीं होता। आमतौर पर पुल सौ साल तक चल जाते हैं। देश में अंग्रेजों के बने कई पुल कायम हैं, लेकिन भारतीयों के बनाए पुल बनने के पहले ही गिर जाते हैं। गुजरात में पुल गिरने की घटना की विपक्षी दलों ने खूब निंदा-आलोचना की। उन्हें भाजपा, गुजरात सरकार और मोदी सरकार की आलोचना करने का अवसर मिला था। उन्होंने इसे अच्छे से भुनाया। ऐसा अवसर भाजपा को मिलता है तो वह भी उसे भुनाती। राजनीति में ऐसा होता ही है, लेकिन यदि नेताओं, नौकरशाहों, ठेकेदारों के भ्रष्टाचार



पर लगाम नहीं लगी तो आगे भी पुल गिरते रहेंगे। सड़कें भी टूटती-धंसती और जल भराव का शिकार होती रहेंगी। ऐसा मुंबई, बेंगलुरु और यहां तक कि राजधानी दिल्ली में भी होगा। होगा क्या, हो रहा है। थोड़ी सी बरसात में बड़े महानगरों की सड़कें भी जलमग्न हो जाती हैं। अब तो लोगों ने यह मान लिया है कि बरसात में सड़कों और यहां तक कि हाईवे में भी अतिरिक्त ट्रैफिक जाम का सामना करना उनकी नियति है। देश में न तो सड़कों और पुलों का घटिया निर्माण रुक रहा है और न ही सड़क दुर्घटनाओं में मरने एवं घायल होने वालों की संख्या में कमी आ रही है। इन दिनों जहां भी सामान्य से तनिक अधिक बारिश हो जा रही है, वहां वह मुसीबत बन जा रही है। पहाड़ों में तो ऐसा खास तौर पर हो रहा है। जब कोई बड़ी घटना घटने के साथ जनहानि हो जाती है तो मुआवजे की भी घोषणा कर दी जाती है, लेकिन सरकारी निर्माण में भ्रष्टाचार पर रोक के प्रभावी उपाय देखने को नहीं मिल रहे हैं। ऐसे उपाय न तो केंद्र सरकार की निर्माण परियोजनाओं में देखने को मिल रहे हैं और न ही राज्य सरकारों की परियोजनाओं में। जहां निर्माण, वहां भ्रष्टाचार आज के भारत की एक कड़वी सच्चाई है। इस सच्चाई से मुंह मोड़ने का कोई मतलब नहीं। ऐसा नहीं है कि सरकारी निर्माण में भ्रष्टाचार केवल कुछ राज्य सरकारों अथवा केंद्र सरकार तक सीमित है। यह एक राष्ट्रीय सरकारी बीमारी है। यह सही है कि देश में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण हो रहा है। बुनियादी ढांचे का सरकारी निर्माण होने के साथ निजी क्षेत्र में भी निर्माण हो रहा है, लेकिन निर्माण कार्यों के भ्रष्टाचार में सरकार और निजी क्षेत्र में कोई भेद नहीं दिखता। यदि नया बना कुछ टिकेगा ही नहीं, तो नया भारत कैसे बनेगा? देश में तेजी से बहुत कुछ बन रहा है तो वह गिर भी क्यों रहा है? इस निष्कर्ष पर भी नहीं पहुंच जाना चाहिए कि भ्रष्टाचार केवल निर्माण कार्यों में ही है। भ्रष्टाचार शासन-प्रशासन के अन्य अंगों में भी है और कहीं-कहीं तो इस हद तक है कि वह देश के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसका एक ताजा उदाहरण उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में मिला। यहां एक कथित फकीर जलालुद्दीन उर्फ छांगुर हिंदू युवतियों को छल-बल से इस्लाम में ला रहा था। इस पीर-फकीर को विदेश से भी पैसा मिल रहा था। अपने देश में भारत के इस्लामीकरण की सनक से ग्रस्त और भी जलालुद्दीन होंगे और वे भी विदेश से पैसा पाते होंगे, लेकिन बलरामपुर के मामले में सबसे घातक बात यह है कि छांगुर को कुछ सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का भी संरक्षण प्राप्त था। यह संरक्षण केवल गुनाह ही नहीं, एक तरह से देश से गद्दारी भी है। इस मामले की जांच हो रही है और शायद उसकी तह तक भी पहुंचा जाए और सभी दोषी लोगों को समय रहते सजा भी मिल जाए। उत्तर प्रदेश के इस मामले में ऐसा होने की उम्मीद भी है, लेकिन अन्य राज्यों और विशेष रूप से सेक्युलर दलों की ओर से शासित राज्यों में तो ऐसा कुछ होने के बारे में सोचना भी कठिन है। यह हैरानी है कि अभी तक कथित सेक्युलर नेताओं और लिबरल लोगों ने यह नहीं कहा कि बेचारे छांगुर को बिना बात परेशान किया जा रहा है। यदि कोई यह कहे कि केंद्र अथवा राज्यों के स्तर पर नौकरशाही के कामकाज में कहीं कोई सुधार नहीं हुआ और सब कुछ पहले की तरह है तो यह भी सही नहीं होगा। समय के साथ राज्यों से लेकर केंद्र की नौकरशाही के स्तर पर काफी कुछ उल्लेखनीय प्रशासनिक सुधार हुए हैं और लोगों को उनसे राहत भी मिली है, लेकिन यह समझा जाए तो बेहतर कि अभी नौकरशाही में बहुत सुधार की आवश्यकता है। नौकरशाही में बगैर जरूरी सुधार लाए देश को अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। जिन नेताओं और नौकरशाहों ने सरकारी तंत्र में सुधार लाने में योगदान दिया है और दे रहे हैं, उनकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए, लेकिन जिन्होंने योगदान नहीं दिया, उनकी पहचान भी होनी चाहिए।

# स्वास्थ्य बनाम स्वाद: समोसा और जलेबी से सावधान!

**ललित गर्ग**



भारत जैसे विविधताओं वाले देश में जहां हर नुक्कड़ पर समोसे की महक और जलेबी की मिठास लोगों को आकर्षित करती है, वहीं यह स्वादिष्ट व्यंजन अब स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। हमारी परंपराओं और खानपान में गहराई से जुड़े समोसा, कचोरी और जलेबी जैसे तली-भुनी और अत्यधिक मीठी चीजें अब मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण बन गई हैं। इन्हीं कारणों से देशभर में एक जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए जनजागृति अभियान शुरू हुआ है। तले हुए व्यंजनों के उपभोग को कम करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय एवं बढ़ती स्वास्थ्य चिन्ताओं को देखते हुए क्रांति का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया अभियान के तहत तेल और चीनी का उपभोग कम करने का आह्वान किया था। केन्द्र सरकार की सक्रियता से जैसे सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी होती है, ठीक वैसी ही चेतावनी इन तैलीय और मीठे खाद्य पदार्थों के बारे में जारी होगी। बड़े पैमाने पर इस बात का प्रचार रेडियो एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यमों से किया जा रहा है कि तैलीय या जरूरत से ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों के उपभोग से दूर रहा जाए।

मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नम्बर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचोरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है। हाल ही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए देशवासियों से खाद्य पदार्थों में तेल की मात्रा कम करने और मोटापे जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचने की अपील की है। मोदी ने इस बढ़ती स्वास्थ्य समस्या पर चिंतन करते हुए कहा हमें अपने खान-पान में बदलाव करना होगा। कम तेल, कम नमक और कम चीनी-यही स्वास्थ्य की कुंजी है “मोदी का आह्वान -तेल कम करें, जीवन स्वस्थ बनाएं है। क्योंकि अति तेल में तंदुरुस्ती नहीं, बीमारी का प्रवेश द्वार है। ध्यान रहे, देश में मोटापा बढ़ रहा है और इसके खिलाफ जागरूकता भी बढ़ रही है। यह भी कहा गया है कि लोग अपने भोजन में तेल को कम करके विकसित भारत बनाने में सहायक हो सकते हैं। इसी कड़ी में समोसे, जलेबी और स्वास्थ्य के लिए घातक व्यंजनों को अगर आधिकारिक रूप से निशाने पर लिया गया है, तो अचरज की बात नहीं, बल्कि वक्त की बड़ी जरूरत है।

भारत में रसोई का अभिन्न हिस्सा है तेल। परंतु आज जिस प्रकार से हर व्यंजन में अत्यधिक तेल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इससे मोटापा भारत की बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गयी है, उसने अन्य अनेक बीमारियों को प्रोत्साहन देते हुए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। तले-भुने खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचोरी, पकौड़ी, पूड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, आदि मोटापा, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को कैफेटेरिया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ तौर पर “तेल और चीनी के चेतावनी बोर्ड” लगाने का निर्देश दिया गया है। ये सूचनात्मक पोस्टर खासे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में वसा और चीनी की मात्रा को उजागर करेंगे। तले हुए और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों को हतोत्साहित करने का समय आ गया है। इसकी शुरूआत अस्पतालों में चल रहे लापरवाह रेस्तरां से होनी चाहिए। तमाम रेस्तरां और मिष्ठान भंडारों पर इस चेतावनी को लटकाना आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि लोग समोसा या जलेबी खाना छोड़ देंगे, पर उनमें सजगता आएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिमल छाजेड़ पिछले तीन दशकों से “जीरो ऑयल” की खानपान पद्धति के माध्यम से हृदय रोगियों का प्रभावी इलाज कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र प्रस्तुत करते हुए जनता से आह्वान किया है कि तेल का सीमित उपयोग करते हुए पकवानों को तलने के बजाय भूनें, उबालें या भाप में पकाएं। शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिये रोजाना योग, प्राणायाम, टहलना या व्यायाम करें। घर में जंक फूड बंद करें, बच्चों को ताजे फल, सूखे मेवे, अंकुरित अनाज दें। रोगों से नहीं, आदतों से लड़ें। खानपान में नियंत्रण सबसे बड़ा उपचार है। अतः बचाव के उपाय जरूरी हैं। पिछले दिनों, हर व्यक्ति से अपने भोजन में तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने की अपील की गई है। कुछ लोग अवश्य सुधार की ओर बढ़े होंगे और अब जब समोसे, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थों पर चेतावनी रहेगी, तो खानपान में सुधार की गति को और बल मिलेगा।

मोदीजी के नेतृत्व में शुरू हुआ “फिट इंडिया मूवमेंट” सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का संदेश है। यह देश को बीमारियों के बोझ से मुक्त करने की दिशा में उठाया गया क्रांतिकारी कदम है। इस आंदोलन में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि स्वस्थ व्यक्ति ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है। फिट इंडिया अभियान में ज्यादा ईमानदारी की जरूरत है और साथ ही, शुद्ध भोजन के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों को ईमानदारी से ज्यादा सचेत एवं सावधान होना पड़ेगा। आज अनेक प्रकार के विदेशी व्यंजन भी बाजारों में उपलब्ध हैं, इनमें से ज्यादातर व्यंजनों में मैदा, तेल, कृत्रिम रंग और रसायन का खतरनाक उपयोग हो रहा है।

# व्यंग्य : इंपोर्टेंस चाहिए तो बीमार बने रहें

**(विवेक रंजन श्रीवास्तव)**

मुसद्दीलाल बीमार पड़े तो एक दम से उनकी इंपोर्टेंस बढ़ गई। हमेशा ताने मारने वाली , बेबात नाराज रहने वाली पत्नी उनकी तीमारदारी में लग गई। सुबह पलंग पर ही बिन मांगे चाय , फिर घंटे भर बाद स्प्राउट्स का हेल्दी नाश्ता मिलने लगा । उनकी कमजोरी का ख्याल कर अपने नरम कंधे का सहारा देकर बीबी उन्हें नहलाने ले जाती , रोटी के फुल्के और परवल की सब्जी का रसा एक एक निवाला खिलाती। नाते रिश्ते के लोग उनसे मिलने आते ,दोस्तों से प्यार भरे संदेश आते , ऑफिस से खड़ूस बॉस ने उन्हें गेट वेल सून के मैसेज के साथ फूलों का बुके भेजा । यह सारी खातिरदारी देख मुसद्दीलाल ने मन ही मन अपनी बीमारी के एक्सटेंशन का इरादा कर लिया। वे पलंग पर पड़े हुए बीमारी के लाभ चिंतन करते। वे सोचते यदि सब हमेशा स्वस्थ रहने लगे, तो डॉक्टरों का, दवा कंपनियों का, और ₹बीमारी सलाहकारों₹ का क्या होगा? मुसद्दीलाल बीमारी बनाये रखने की योजनाएँ बनाते , जिनसे किसी न किसी तरह, कोई न कोई रोग आपको घेरे रहेगा और आपको सबसे अटेंशन का वी आई पी स्टेटस मिलता रहेगा । मुसद्दीलाल के बीमारी के नुस्खों में पहला नुस्खा है कसरत को भूल जाइए! शरीर को जंग लगाने की सुनिश्चित तकनीक है, खाओ पियो पड़े रहो , आडे टेढ़े लेट कर मोबाइल या अखबार में घुसे रहिए। मांसपेशियाँ ढीली पड़ जाएंगी , जोड़ों में जंग जमेगी, और मोटापा आपका स्थायी साथी बन जाएगा। यकीन मानिए, ये ₹एंटी-कसरत थेरेपी हृदय रोग और डायबिटीज की गारंटी देती है !सुबह-शाम घूमना? अस्वस्थता के लिए खतरनाक प्रवृत्ति है ! विटामिन डी और ताजा हवा से बचाव कीजिए। पर्दे खींचकर, एसी चलाकर अंधेरे कमरे में दुबके रहिए। ऑस्टियोपोरोसिस और डिप्रेशन आपका स्वागत करने को तैयार बैठे मिलेंगे । प्रदूषित हवा ही बीमारी के लिए असली टॉनिक है।

पाचन तंत्र को ओवरटाइम काम पर लगाने की कला सीखनी चाहिए । व्रत रखेंगे तो पेट को आराम मिलेगा, डिटॉक्स होगा ? यह नासमझी है ! जब भी मन करे, जो भी मिले चटपटा, तला-भुना, मिठाई ठूँसिए। पेट को काम में लगाए रखिए। एसिडिटी, गैस और लिवर की शिकायतें आपके सेवन की प्रशंसा में गीत गाएंगी।

सबके साथ बैठकर खाने से परिवार जनों, दोस्तों में बातचीत होती है, प्यार बढ़ता है? क्या फायदा? अकेले फोन चलाते हुए खाइए। जल्दी-जल्दी खाना निबटाइए। पत्नी के बनाए भोजन में मीन मेख निकालिए, इससे मानसिक तनाव भी मुफ़्त में मिलेगा!

हँसने से एंडोर्फिन रिलीज होता है, तनाव कम होता है , ये तो स्वास्थ्य अपराध है ! गंभीर, उदास, चिड़चिड़ा चेहरा बनाए रखिए। बोरियत और निराशा को पालिए। डिप्रेशन और सोशल आइसोलेशन आपकी इस समर्पण भावना का सम्मान करेंगे, और आपको दिमागी तौर पर पंगु बनाकर ही मानेंगे। देर रात तक जागिए। सोशल मीडिया स्क्रॉल कीजिए, टेंशन लीजिए। दिन में झपकियाँ लेकर रात की नींद उड़ाइए। अनिद्रा, चिड़चिड़ापन और कमजोर इम्युनिटी , बीमार बने रहने का तिगुना लाभ पाने का यह उत्तम मार्ग है। मन की बात मन में ही दबाए रखिए। गिले-शिकवे पालिए। अकेलेपन और मनोवैज्ञानिक उलझनों को निमंत्रण दीजिए, वे खुशी-खुशी आपका आमंत्रण स्वीकार करेंगे। खुश रहने से जीवन आसान होता है, इसलिए हमेशा शिकायतें ढूंढिए। दूसरों से तुलना करके दुखी होइए। छोटी-छोटी बातों पर भड़किए। गलत जगह, गलत समय पर अपनी राय जरूर रखिए। अनावश्यक बहसों और दुश्मनियों का निर्माण करिए। यकीनन, यह आपके सिरदर्द और ब्लड प्रेशर को नया आयाम देगा। कहावत है एक अच्छा दोस्त तो पूरी की पूरी दवाई की दुकान है ?

# मदरसा में उर्दू की जगह मराठी चालू करो... मनसे और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मंत्री नितेश राणे की बड़ी मांग

**महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने भाषा विवाद के बीच बड़ा दिया है। कांग्रेस द्वारा मराठी पाठशाला शुरू किए जाने की मांग पर राणे ने कहा है कि मदरसों में मराठी शुरू होनी चाहिए। यह सबसे आसान हल है। मनसे कार्यकताओं द्वारा हिंदुओं की पिटाई पर नितेश राणे पिछले काफी समय से आक्रामक हैं।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी भाषा विवाद के बीच फडणवीस सरकार में मंत्री नितेश राणे ने बड़ा बयान दिया है। राणे ने कहा है कि मदरसों में मराठी पढ़ाई जानी चाहिए। राणे ने यह बयान मनसे द्वारा मराठी नहीं बोलने पर हिंदुओं की पिटाई और कांग्रेस द्वारा मराठी पाठशाला की मांग पर दिया है। राणे ने कहा है कि मदरसों में उर्दू की जगह मराठी चालू करो। इतना ही नहीं मुसलमानों को अजान भी मराठी में देनी चाहिए। नितेश राणे ने दावा किया कि वहां बंदूक चलाने वाले मिलते हैं। वहां उर्दू की जगह मराठी पढ़ाई जानी चाहिए। इससे पिहले नितेश राणे ने मनसे को मोहम्मद अली रोड पर जाकर टोपी वालों को मराठी बुलवाने की चुनौती दी थी। मराठी नहीं बोलने पर हिंदुओं की पिटाई पर नितेश राणे ने नौटंकी करार दिया था।

## नितेश राणे ने रखी नई मांग

मीरा रोड पर मारवाड़ी व्यापारी की पिटाई के बाद नितेश राणे ने खुद को हिंदुओं का चौकीदार बताया था। तब राणे ने कहा था कोई भी हिंदुओं को नहीं डरा सकता है। राणे ने यह नई मांग ऐसे वक्त पर रखी है जब महाराष्ट्र विधानमंडल का सत्र चल रहा है। इतना ही नहीं त्रिभाषा फॉमूर्ले पर महायुति सरकार पहले ही पीछे हट चुकी है। सरकार ने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के विरोध के बाद महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदू को अनिवार्य करने के आदेश को वापस ले लिया था।

# देखिए उद्धव जी... फोटो सेशन से लेकर ऑफर तक, फडणवीस ने चढ़ाया महाराष्ट्र में सियासी पारा

**महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा उद्धव ठाकरे को खुला ऑफर दिए जाने पर राजनीति गरमा गई है। चर्चा शुरू हो गई है कि क्या उद्धव ठाकरे वाकई में बीजेपी के साथ लौट सकते हैं। विधानसभा चुनावों में महायुति की प्रचंड जीत के बाद फडणवीस ने रिश्ते सुधारने की पहली पहल उद्धव ठाकरे ने की थी। अब फडणवीस ने उन्हें सदन में सीधा ऑफर दे दिया।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की राजनीति के लिए बीते छह साल काफी अप्रत्याशित रहे हैं। अब एक बार फिर से महाराष्ट्र में सियासी पारा चढ़ गया है। इसकी वजह है बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद में सीएम फडणवीस द्वारा उद्धव ठाकरे को दिया गया खुला ऑफर। विधान परिषद में नेता विपक्ष अंबादास दानवे की विदाई के मौके पर बोलते हुए सीएम फडणवीस ने जो कुछ कहा उसकी अगल-अलग ढंग से व्याख्या शुरू हो गई है। महाराष्ट्र में ठाकरे ब्रदर्स के फिल्मी तरीके से एक मंच पर आने के बाद जहां मनसे और शिवसेना यूबीटी में गठबंधन की संभावनाओं पर चर्चा हो रही है। तो इस सब के बीच फडणवीस ने विधान परिषद में कहा कि उद्धव जी 2029 तक मेरी तो उस तरफ (विपक्ष की ओर) आने की कोई संभावना है नहीं। आप इधर आना चाहें, तो रास्ता निकाला जा सकता है। लेकिन उसके लिए कुछ अलग तरीके से सोचना पड़ेगा।

## ऑफर पर बंटे राजनीतिक प्रेक्षक

महाराष्ट्र के कुछ राजनीतिक प्रेक्षक इसे सिर्फ एक मजाक मान रहे हैं तो वहीं कुछ कहना है कि फडणवीस ने अपने दिल की बात बड़े अच्छे ढंग से कह दी है। उद्धव ठाकरे को साथ आने का ऑफर देने का इससे अच्छा मौका नहीं हो सकता है। राजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है कि फडणवीस महायुति 2.0 में एकनाथ शिंदे के साथ सहज नहीं है। शिवसेना विधायकों और मंत्रियों की हरकतों पर नाराजगी जता चुके हैं। एक राजनीतिक प्रेक्षक ने कहा कि आप सोचिए अगर दोनों ठाकरे भाई बीजेपी के साथ हों तो महाराष्ट्र में कांग्रेस कहां पर खड़ी होगी? बीजेपी ने दोनों को साथ लेकर एक मजबूत मोर्चा महाराष्ट्र में बना सकती है। राज ठाकरे 2024 के चुनावों में बीजेपी के साथ ही थे। ऐसे में फडणवीस के ऑफर को मजाक कहकर खारिज नहीं किया जा सकता है।

## दानवे को अपना बता डाला

फडणवीस ने सिर्फ उद्धव ठाकरे को सत्तापक्ष में आने का ऑफर नहीं दिया बल्कि यह भी बता दिया कि विधान परिषद के नेता अंबादास दानवे भले ही अब उद्धव ठाकरे के विश्वासपात्र हैं

# उद्धवजी के साथ चलें, मनसे नेताओं का सुर, राज ठाकरे का 'वेट एंड वॉच' वाला रुख? आखिरकार मिल ही गया जवाब

**महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने शिवसेना के साथ गठबंधन पर टिप्पणी करने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया ने उनके नाम से गलत बातें फैलाई हैं। राज ठाकरे ने यह बात नासिक में 14 और 15 जुलाई को पार्टी कार्यकताओं के सम्मेलन के दौरान कही।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई\नासिकः महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने शिवसेना के साथ गठबंधन पर टिप्पणी करने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया ने उनके नाम से गलत बातें फैलाई हैं। राज ठाकरे ने यह बात नासिक में 14 और 15 जुलाई को पार्टी कार्यकताओं के सम्मेलन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें कोई राजनीतिक बयान देना होगा, तो वे प्रेस कॉन्फ्रेंस करके देंगे। दरअसल उद्धव ठाकरे की शिवसेना और मनसे के गठबंधन की अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन राज ठाकरे ने अभी तक इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया है।

## राज ठाकरे ने क्या कहा?

राज ठाकरे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि 14 और 15 जुलाई को नासिक के इगतपुरी में पार्टी के कुछ खास लोगों के लिए एक सम्मेलन रखा गया था। वहां उन्होंने पत्रकारों से अनौपचारिक रूप से बात की थी। राज ठाकरे ने कहा कि पत्रकारों के साथ बातचीत में मुझसे मुंबई में 5 जुलाई की विजय उत्सव रैली के बारे में पूछा गया। मैंने कहा कि यह आयोजन मराठी लोगों की जीत का जश्न मनाने के लिए था और यह राजनीतिक नहीं था। फिर उन्होंने (पत्रकारों ने) पूछा कि शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन का क्या हुआ? इस पर मैंने जवाब दिया, क्या मुझे अभी आपके साथ गठबंधन के मामलों पर चर्चा करनी चाहिए?

## गठबंधन पर क्या बोले?

राज ठाकरे का कहना है कि उन्होंने जो शब्द नहीं कहे, वे उनके मुंह में डाल दिए गए। यह भी कहा गया कि नगर निगम चुनाव से पहले स्थिति का जायजा लेने के बाद गठबंधन पर फैसला होगा। उन्होंने कहा कि अनौपचारिक बातचीत को अनौपचारिक ही रहना चाहिए। मनसे प्रमुख ने यह भी कहा कि वे खुद 1984 से पत्रकारिता से जुड़े हैं और कुछ पत्रकारों का व्यवहार उन्हें अच्छा नहीं लगा।

वेट एंड वॉच की स्थिति

इगतपुरी की बैठक में पदाधिकारियों को सीधे सवाल पूछने का भी अवसर दिया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने शिवसेना ठाकरे गुट के साथ गठबंधन के बारे में भी सवाल पूछे। अधिकांश पदाधिकारियों की राय को देखते हुए, ठाकरे ने पदाधिकारियों पर बिना नाराज हुए कहा कि गठबंधन का फैसला मुझ पर छोड़ दीजिए। हम आपकी इच्छानुसार करने का प्रयास करेंगे। हालांकि इसके लिए थोड़ा 'वेट एंड वॉच' की रणनीति अपनाओ, अप्रत्यक्ष रूप से गठबंधन के लिए दरवाजा खुला रखो।

# मध्य रेल ने मुंबई मंडल के 6 स्टेशनों पर स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रेलवे बोर्ड की सलाह पर, मध्य रेल ने स्टेशन महोत्सव के तहत दिनांक 16.07.2025 को मुंबई मंडल के 6 हेरिटेज स्टेशनों का शताब्दी समारोह आयोजित किया।

इनमें छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, रे रोड, आसनगांव, वासिंद, कसारा और इगतपुरी स्टेशन शामिल हैं।

स्टेशन महोत्सव के आयोजन के लिए मध्य रेल के सभी 5 मंडलों के कुल 15 स्टेशनों की पहचान की गई है।

समारोह में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में एक हेरिटेज प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें जीआईपीआर युग से संबंधित विभिन्न कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया।

रंगीन रोशनी से सुसज्जित छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस हेरिटेज भवन की एक लघु प्रतिकृति, जीआईपीआर युग के स्टीम लोकोमोटिव और लकड़ी के डिब्बों के लघु मॉडल भी प्रदर्शित किए गए।

अन्य प्रदर्शनों में पीतल की घंटियाँ, रेलवे कर्मचारियों के पीतल के बैज, पुराने लैंप पोस्ट, हेरिटेज लकड़ी की कुर्सियाँ, कोट और छाता स्टैंड, हेरिटेज पेंडुलम घड़ियाँ आदि शामिल थीं, जो आगंतुकों को पुराने युग की याद दिलाती थीं।

रेलवे की नकदी आय के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बड़ा लोहे का बक्सा, हैंड सिग्नल लैंप और स्टेशनों पर इस्तेमाल होने वाली बॉल और टोकन मशीन भी प्रदर्शित की गईं।

पुरानी वस्तुओं के अलावा, प्रदर्शनी में वर्तमान में सेवा में चल रही वंदे भारत ट्रेनों का एक मॉडल और निकट भविष्य में चालू होने वाली बुलेट ट्रेन का एक मॉडल भी प्रदर्शित किया गया।

प्रदर्शनी में पिछले कुछ वर्षों में रेलवे की प्रगति की जानकारी वाले चार्ट, सामग्री और तस्वीरें भी प्रदर्शित की गईं।




Station Mahotsav at Reay Road

प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुकों को वीआर ऑकुलस ग्लास के साथ सीएसएमटी का एक आभासी दौरा भी कराया गया, जो 360 डिग्री दृश्य प्रदान करता है।

सीएसएमटी की रंगीन और श्वेत-श्याम तस्वीरों वाली डायरी, कॉफी मग, टी-शर्ट और चाबी के छल्ले जैसी यादगार चीजें भी स्मारिका के रूप में बिक्री के लिए प्रदर्शित की गईं।

समारोह के एक भाग के रूप में सीएसएमटी उपनगरीय सभागार में इस थीम पर एक बड़ी रंगोली भी प्रदर्शित की गई।

सुबह 11:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुली यह प्रदर्शनी पुरानी यादों को ताजा करने वाली रही और शुरूआती घंटों में सैकड़ों आगंतुकों ने इसे उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी, जिनमें छात्र, कार्यालय जाने वाले लोग, पेशेवर, विरासत प्रेमी, रेल प्रशंसक और लंबी दूरी की ट्रेनों में सवार होने आए यात्री शामिल थे।

रे रोड, आसनगांव, वासिंद, कसारा और इगतपुरी स्टेशनों पर सजावट के साथ उत्सव का माहौल था। श्रमदान और पौधारोपण जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस आयोजन की याद में लोगों के लिए सेल्फी लेने के लिए सेल्फी पॉइंट बनाए गए थे।

शताब्दी समारोह इतिहास, संस्कृति, शिक्षा और उत्सव का एक यादगार मिश्रण था–यह उन स्टेशनों के लिए सचमुच उपयुक्त था जिन्होंने एक शताब्दी से भी अधिक समय से भारतीय रेल के यात्रियों को समर्पण भाव से सेवा प्रदान की है।

फास्ट ट्रैक

# ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस और ग्वालियर-प्रयागराज एक्सप्रेस में स्थायी कोच वृद्धि

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती मांग को देखते हुए, रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 12198/12197 ग्वालियरभोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा 11801/11802 ग्वालियरप्रयागराज एक्सप्रेस की कोच संरचना में एक अतिरिक्त स्लीपर श्रेणी कोच को स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया गया है।

यह कोच वृद्धि निम्नानुसार लागू की जाएगीः

दिनांक 19.07.2025 से गाड़ी संख्या 12198 ग्वालियरभोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस को तथा गाड़ी संख्या 12197 भोपालग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस को स्थाई तौर पर एक अतिरिक्त स्लीपर कोच के साथ चलाया जाएगा।

दिनांक 20.07.2025 से गाड़ी संख्या 11801 ग्वालियरप्रयागराज एक्सप्रेस को तथा दिनांक 21.07.2025 से गाड़ी संख्या 11802 प्रयागराजग्वालियर एक्सप्रेस को स्थाई तौर पर एक अतिरिक्त स्लीपर कोच के साथ चलाया जाएगा।

इस वृद्धि के उपरांत अब इन गाड़ियों में कुल 19 ICF कोच रहेंगे, जिसमें स्लीपर श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़कर तीन हो जाएगी।

रेल प्रशासन यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर सुविधाओं का विस्तार करता रहेगा।

# रेलवे बोर्ड ने गुजरात में सराडीया-वांसजालिया नई लाइन के अंतिम स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी दी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

गुजरात को रेल मंत्रालय ने बड़ी सौगात दी है। रेलवे बोर्ड ने पश्चिम रेलवे जोन के अंतर्गत गुजरात राज्य में सराडीया-वांसजालिया नई लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) को मंजूरी दे दी है। भावनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अतुल कुमार त्रिपाठी के अनुसार सराडीया-वांसजालिया के बीच लाइन 45 किलोमीटर लंबी है। यह लाइन शुरू होने से गुजरात के सौराष्ट्र के दूरस्थ क्षेत्रों में औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक विकास होगा। यह क्षेत्र भारतीय रेलवे की मुख्य धारा के साथ जुड़ जाएगा, जिससे यहां के लोगों को देश के अन्य क्षेत्रों में रेलवे के माध्यम से जाने में सुविधा होगी। सोमनाथ-द्वारका-ओखा-पोरबंदर को जोड़ने वाला एक अतिरिक्त और छोटा मार्ग मिलेगा। इस लाइन से गिरनार, सोमनाथ और द्वारका जैसे तीर्थ स्थलों के लिए एक अतिरिक्त मार्ग मिलेगा। इस लाइन से भारतीय रेलवे के सिद्धांतों के अनुरूप समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। सराडीया गांव गुजरात के जूनागढ़ जिले के माणावदर तालुका में स्थित है। वांसजालिया रेलवे स्टेशन गुजरात राज्य के जामनगर जिले में स्थित एक रेलवे स्टेशन है। यह पोरबंदर से 34 किलोमीटर दूर है। यहां यात्री और एक्सप्रेस ट्रेनें रूकती हैं।

# शारदा स्कूल के बाहर बहता गटर बना परेशानी का सबब, बच्चों की सेहत पर संकट






भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण। कल्याण (पूर्व), चिंचपाड़ा रोड के ज्योति नगर क्षेत्र में स्थित शारदा स्कूल के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को इन दिनों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के सामने लंबे समय से बह रहा गटर का बदबूदार गंदा पानी अब जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। हर दिन बच्चों और माता-पिता को इसी गंदे पानी से होकर स्कूल आना-जाना पड़ता है, जिससे कई बच्चे मौसमी बीमारियों की चपेट में आ चुके हैं। इसके बावजूद न तो स्कूल प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही केडीएमसी की ओर से कोई सफाई व्यवस्था की गई है। स्थानीय अभिभावक जाह्नवी माली ने बताया, मेरा बेटा शारदा स्कूल में पढ़ता है। एक हफ्ते पहले ही अस्पताल से ठीक होकर आया था, अब फिर उसे बुखार और सर्दी हो रही है। जब हमने स्कूल से शिकायत की, तो बहुत रूखा जवाब मिला कि ये स्कूल का काम नहीं है। गटर की बदबू और संक्रमण फैलाने वाले इस गंदे पानी से बच्चों की सेहत पर खतरा मंडरा रहा है। इलाके में रहने वाले लोग प्रशासनिक उदासीनता से आक्रोशित हैं और जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही गटर की सफाई और नाले की मरम्मत नहीं की गई, तो वे संबंधित विभागों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। यह सिर्फ गटर का नहीं, जिम्मेदारी से भागते सिस्टम का सवाल है। स्थानीय प्रशासन और स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से सैकड़ों मासूम बच्चों की जान खतरे में है। अब देखने वाली बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब तक जागते हैं और स्थिति को कब तक सुधारते हैं।

# पश्चिम रेलवे द्वारा छह जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से कुछ संशोधनों के साथ मौजूदा संरचना, पथ, रखरखाव और समय पर छह जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित किया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी स्पेशल को 28 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

2. ट्रेन संख्या 09025 वलसाड-दानापुर स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09026 दानापुर-वलसाड स्पेशल को 30 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

3. ट्रेन संख्या 09031 उधना-जयनगर स्पेशल को 28 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09032 जयनगर-उधना स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

4. ट्रेन संख्या 09045 उधना-पटना स्पेशल को 26 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09046 पटना-उधना स्पेशल को 27 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

5. ट्रेन संख्या 09195 वडोदरा-मऊ स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09196 मऊ - वडोदरा स्पेशल को 30 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

6. ट्रेन संख्या 09343 डॉ. अंबेडकर नगर - पटना स्पेशल को 25 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09344 पटना - डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल को 26 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09043, 09025, 09031, 09045, 09195 और 09343 की विस्तारित फेरों की बुकिंग 17 जुलाई, 2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। इन ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail. gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## आपके सत्ता में आने की नहीं गुजांइश...विधानसभा में फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को दे दिया बड़ा 'ऑफर'

मुंबईः महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसूत्र सत्र में बुधवार को कुछ ऐसा हुआ कि सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य आवक रह गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे को खुले तौर पर सरकार में आने का न्योता दे दिया। फडणवीस ने कहा कि हमारे पास 2029 तक विपक्षी दल में शामिल होने की गुंजाइश नहीं है, लेकिन आपके पास यहां (सत्ता) आने की गुंजाइश है। अब फडणवीस के इस बयान पर बहस छिड़ गई है।


**मध्य रेल**

**निविदा सूचना सं.: CWE/MTN/85256259/2025 due on 08.08.2025**

**निविदा सं.:** 85256259. **निविदा विवरण:** वंदे भारत रेक की बैटरी बॉक्स यूनिट, मेधा पार्ट नंबर: SP675UV2101040. **मात्रा:** 02 नग. नियत तारीख: 08.08.2025 **राशि:** रु. 61,96,180/-

**AMM (CWE), Matunga** 265

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है


# भुसावल स्टेशन पर सी एंड डब्ल्यू कर्मचारियों के लिए नागपुर छेर पर कवर्ड रोलिंग-इन हट का मंडल रेलवे प्रबंधक द्वारा उद्घाटन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

दिनांक 16.07.2025 को भुसावल स्टेशन के नागपुर छोर पर सी एंड डब्ल्यू विभाग के कर्मचारियों के लिए एक नवीन कवर्ड रोलिंग-इन हट का उद्घाटन मंडल रेलवे प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय के करकमलों द्वारा किया गया। इस हट से कर्मचारी भुसावल स्टेशन पर आगमन करने वाली ट्रेनों की जाँच करेंगे। पूर्व में कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान बारिश, तीव्र गर्मी तथा यात्रियों द्वारा फेंके जाने वाले कचरे जैसी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस नवीन हट के निर्माण से इन सभी समस्याओं का प्रभावी समाधान हो गया है। इस हट में आधुनिक सुविधाएँ प्रदान की गई हैं जिसमें बैकलाइट सहित चित्रों के साथ निर्देश, निरीक्षण के दौरान ध्यान देने योग्य प्रमुख दोषों की सूची, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बेहतर बैठने की सुविधा, उपकरणों सहित सुरक्षित रूम (टूल बॉक्स सहित). इस रोलिंग-इन हट के निर्माण का मुख्य उद्देश्य सी एन्ड डब्लू कर्मचारियों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे रेलवे को अपनी सेवाएँ पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ दे सकें।



# महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने विधानसभा के बाहर चलाई टेस्ला कार

**महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को विधान भवन के बाहर टेस्ला कार चलाई। यह तब हुआ जब इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला ने भारत में अपना पहला शोरूम खोला।**




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को विधान भवन के बाहर टेस्ला चलाई। यह तब हुआ जब इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला ने भारत में अपना पहला शोरूम खोला। यह खबर बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दिखाती है कि विदेशी कंपनियां भारत में निवेश करने के लिए उत्सुक हैं। इसके साथ ही यह इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार के लिए भी एक अच्छा संकेत है। इससे पहले मंगलवार को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में टेस्ला शोरूम का मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्घाटन किया था। उपमुख्यमंत्री शिंदे सफेद रंग की टेस्ला में थे। उनके आसपास बहुत सारे पत्रकार और कैमरे वाले लोग थे। कार चलाने के बाद एकनाथ शिंदे ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि टेस्ला ने मुंबई में अपना शोरूम खोला है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा विदेशी निवेश आता है। राज्य में अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर है। निवेशक यहां निवेश करने को तैयार हैं।

# ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस और ग्वालियर-प्रयागराज एक्सप्रेस में स्थायी कोच वृद्धि

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती मांग को देखते हुए, रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 12198/12197 ग्वालियरझभोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा 11801/11802 ग्वालियरझप्रयागराज एक्सप्रेस की कोच संरचना में एक अतिरिक्त स्लीपर श्रेणी कोच को स्थायी रूप से जोड़ने का निर्णय लिया गया है।

यह कोच वृद्धि निम्नानुसार लागू की जाएगीः

दिनांक 19.07.2025 से गाड़ी संख्या 12198 ग्वालियरझभोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस को तथा गाड़ी संख्या 12197 भोपालझग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस को स्थाई तौर पर एक अतिरिक्त स्लीपर कोच के साथ चलाया जाएगा।

दिनांक 20.07.2025 से गाड़ी संख्या 11801 ग्वालियरझप्रयागराज एक्सप्रेस को तथा दिनांक 21.07.2025 से गाड़ी संख्या 11802 प्रयागराजझग्वालियर एक्सप्रेस को स्थाई तौर पर एक अतिरिक्त स्लीपर कोच के साथ चलाया जाएगा।

इस वृद्धि के उपरांत अब इन गाड़ियों में कुल 19 कउऋ कोच रहेंगे, जिसमें स्लीपर श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़कर तीन हो जाएगी।

रेल प्रशासन यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर सुविधाओं का विस्तार करता रहेगा।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर


**पश्चिम मध्य रेल**

**मुख्य कारखाना प्रबन्धक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा**

**निविदा ■ दिनांक 14.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **मुख्य कारखाना प्रबन्धक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा,** निम्नलिखित कार्य की ई–निविदा आमंत्रित करते हैः– **टेण्डर सं.: RSP2025-26-BVUPGRAD-TEN01. कार्य का विवरणः माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा, प.म.रे. में आवधिक ओवरहॉलिंग के दौरान गार्ड चेयर एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था तथा ब्रेक वैनों के उन्नयन हेतु आरएसपी कार्य। अनुमानित लागतः** ₹ 17,98,17,629/-. **निविदा प्रपत्र राशिः** निल। **बयाना राशिः** ₹ 10,49,100/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह। **निविदा बंद/ खोलने की तारीख और समयः** बंद होगा 11.30 बजे दिनांक 05.08.2025 एवं खोला जाएगा 12.00 बजे दिनांक 05.08.2025. ई–निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है तथा मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय, कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई–निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेंगे। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

***उप मुख्य यांत्रिक इंजी.-II, मा.डि.म.कारखाना, कोटा ज.***

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

## राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी ने किया जूता मारो आंदोलन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक दल के नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड की व्यक्तिगत आलोचना छवि खराब करने वाले विधायक गोपीचंद पडलकर के विरोध में एनसीपी-शरद चंद्र पवार पार्टी के जिला अध्यक्ष सुहास देसाई, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल और महिला अध्यक्ष सुजाताताई घाग के नेतृत्व में जूता मारो आंदोलन किया गया। शहर जिला अध्यक्ष सुहास देसाई ने पडलकर का नाम लिए बिना चेतावनी दी कि उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा ।आज जब डॉ. जितेंद्र आव्हाड धनंजय देशमुख के साथ विधानसभा के प्रवेश द्वार पर टहल रहे थे, तभी पडलकर ने अचानक कार रोकी और कार का दरवाजा खोलकर डॉ. जितेंद्र आव्हाड और धनंजय देशमुख को चोट पहुँचाने की कोशिश की। जब डॉ. जितेंद्र आव्हाड कार की ओर देख रहे थे, तब गोपीचंद पडलकर ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया ।इस घटना के विरोध में राकांपा पदाधिकारियों ने ठाणे शहर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया ।इस अवसर पर कार्यकताओं ने ₹मंगलसूत्र चोर को गिरफ़्तार करो... मंगलसूत्र चोर को जंजीरों में जकड़ो₹ जैसे नारे लगाए और पडलकर के पोस्टर को जूतों से पीटा। इस अवसर पर सुहास देसाई ने कहा, ₹प्रगतिशील आंदोलन के कार्यकताओं को शहरी नक्सली कहने का अधिकार किसने दिया ? अगर यह गुंडागर्दी सिर्फ़ इसलिए की जा रही है क्योंकि वे सत्ताधारी दल में हैं, तो यह लोकतंत्र की हत्या है ।उन्होंने हमारे डॉ. जितेंद्र आव्हाड पर गाड़ी चढ़ाकर उनकी हत्या करने की कोशिश की है ।लेकिन, याद रखना, महाराष्ट्र कोई गधा नहीं है, इसका मुँहतोड़ जवाब मिलेगा,₹ उन्होंने चेतावनी दी ।इस विरोध प्रदर्शन में सबिया मेमन, राजेश कदम, राजेश साटम, विक्रांत घाग, रचना वैद्य, माधुरी सोनार, सुनील सोनार, एकनाथ जाधव, इकबाल शेख, प्रभाकर सावंत, शिवा कालू सिंह, राजू चपले, सुनील गुरव, रत्नेश दुबे, दिगंबर गरुड़, रूपाली चपले, रिंकू सिंह, देवेन्द्र इंपुरे, मल्लिका पिल्ले, मेहरबानो पटेल, ज्योति निम्बार्गी, केतन जेधे, संगीता शेलके, प्रतिभा टपल आदि शामिल थे।

# महाराष्ट्र में औद्योगिक बिजली की दरें अन्य राज्यों की तुलना में होगी सस्ती - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , महाराष्ट्र में औद्योगिक बिजली की दरें अन्य राज्यों की तुलना में सबसे कम होंगी। नए टैरिफ के अनुसार, महाराष्ट्र में वर्तमान दर ?8.32 है, जो अगले चरण में घटकर 7.38 हो जाएगी। इसकी तुलना में, तमिलनाडु में दर 9.04, गुजरात में ?8.98 और कर्नाटक में 7.75 है। महाराष्ट्र में औद्योगिक बिजली की दरें अगले कुछ वर्षों तक कम रहेंगी।साथ ही, टैरिफ ट्रू-अप प्रक्रिया से दरों में वृद्धि नहीं होगी, यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में स्पष्ट की। सदस्य अभिजीत वंजारी ने राज्य में बिजली की दरों में वृद्धि को कम करने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में पूछा। इस दौरान, सदस्य शशिकांत शिंदे, सतेज उर्फ बंटी पाटिल और विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने उप-प्रश्न पूछे।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अब बिजली खरीद 'मेरिट ऑर्डर डिस्पैच' पद्धति से की जाएगी। इससे निजी कंपनियों से सस्ती दरों पर बिजली खरीदी जा सकेगी। साथ ही, सौर, पवन और बैटरी स्टोरेज के इस्तेमाल से बिजली खरीद की लागत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि चूँकि ये दीर्घकालिक (25 वर्ष) अनुबंध हैं, इसलिए बिजली की दरें स्थिर रहेंगी।



मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पिछली टैरिफ याचिका में आवासीय उपभोक्ताओं पर बोझ डालकर औद्योगिक और वाणिज्यिक दरों में कमी की गई थी। लेकिन इस पर आपत्तियों के कारण अब सभी श्रेणियों में दरें कम कर दी गई हैं। 70 प्रतिशत उपभोक्ता 100 यूनिट से कम बिजली की खपत करते हैं और उन्हें 26 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके साथ ही, 100 यूनिट से अधिक खपत पर भी दरों में कटौती होगी। किसानों के लिए सौर पंप योजनाओं में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं और बूस्टर पंपों के लिए एक नई योजना शुरू की गई है। एकल पोल योजना की लागत केवल ?15,000 है। किसान अपनी आवश्यकतानुसार 10 एचपी हॉर्सपावर के सोलर पंप उपलब्ध कराने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में यदि कोई शिकायत है, तो उसका समाधान सोलर यूनिफाइड पोर्टल पर किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत को नियंत्रित करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जाएँगे। इससे यह पता लगाना संभव होगा कि कृषि में कितनी बिजली का उपयोग होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत का सही आकलन करने और भविष्य की नीतियाँ बनाने में मदद मिलेगी। लिफ्ट सिंचाई के लिए एक अलग सोलराइजेशन प्रस्ताव तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि डार्क जोन में पारंपरिक तरीकों से बिजली उपलब्ध कराने पर भी विचार किया जाएगा।

फास्ट ट्रैक

## रोगियों की सेवा के लिए नई प्रकार की एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाएँगी - प्रकाश अबितकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , राज्य में 108 और 102 दोनों सेवाएँ रोगियों के लिए उपयोगी हैं, और हाल ही में 108 सेवा के बारे में कुछ शिकायतें आई हैं। इन शिकायतों के समाधान के लिए नई प्रकार की एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाएँगी। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबितकर ने विधान परिषद को सूचित किया कि वर्तमान में ईंधन की कमी के कारण कोई भी वाहन नहीं रुकता है ।महाराष्ट्र विधान परिषद में सदस्यों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए, मंत्री अबितकर ने कहा कि संविदा कर्मचारियों को मई 2025 तक का वेतन दिया जा चुका है और जून व उसके बाद के महीनों में कोई समस्या नहीं होगी। राज्य में रक्त आपूर्ति पर बोलते हुए, मंत्री अबितकर ने कहा कि मानसून और सर्दियों के दौरान बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं, लेकिन गर्मियों में इसकी उपेक्षा की जाती है। इसलिए उन्होंने सदन के माध्यम से जनता से अपील की कि वे गर्मी के मौसम में भी रक्तदान बढ़ाने की पहल करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य में रक्त की कमी से कहीं भी कोई मृत्यु नहीं हुई है ।धर्मार्थ अस्पतालों में नियमों के उल्लंघन के संबंध में, मंत्री अबितकर ने कहा कि पिछले सत्र में एक विधेयक पेश किया गया था, जिसके माध्यम से विधायकों की एक समिति सभी धर्मार्थ अस्पतालों का निरीक्षण करेगी। साथ ही, नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई करने का अधिकार भी उसके पास है। जलगाँव के चोपड़ा में सड़क पर गर्भवती महिला के बच्चे को जन्म देने की घटना पर, मंत्री ने कहा कि संबंधित प्रकोष्ठ को कोई कॉल नहीं आया था। साथ ही, जलगाँव जिले में 108 एम्बुलेंस की सेवाएँ अच्छी तरह से प्रदान की गई हैं ।कोल्ड चेन उपकरणों की खरीद संबंधी आपत्ति पर, उन्होंने कहा कि आईएलआर और डीप फ्रीजर उपकरणों की खरीद प्रशासनिक अनुमोदन के बाद पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से की गई थी। जुलाई 2024 में 62 करोड़ रुपये की अनुपूरक माँग को मंजूरी दी गई थी। निविदा प्रक्रिया में कुछ आपत्तियाँ उठाई गई थीं, जिन्हें संशोधित कर नया टेंडर जारी किया गया। उन्होंने बताया कि ये दरें जेईएम पोर्टल की दरों से 27 प्रतिशत से 42 प्रतिशत तक कम हैं। हालाँकि, राज्य सरकार ने पूरी पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए हैं और जब तक कोई भी संदेह पूरी तरह से दूर न हो जाए, तब तक कोई भुगतान नहीं किया जाना चाहिए। अबितकर ने निष्कर्ष निकाला कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को और अधिक गतिशील और पारदर्शी बनाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

## अमान्य स्कूलों पर कार्रवाई

### पुवायां ब्लॉक में 6 स्कूलों को नोटिस, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ पर रोक


शाहजहांपुर, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने बिना मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। पुवायां ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला ने औचक निरीक्षण के दौरान 6 स्कूलों को नोटिस जारी किए। खंड शिक्षाधिकारी के अनुसार, ये स्कूल लंबे समय से बिना मान्यता के चल रहे थे। इससे शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। साथ ही बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ हो रहा था।


## सोशल मीडिया पर आत्महत्या की पोस्ट

### शाहजहांपुर में पुलिस ने समय रहते युवक को बचाया, पत्नी से विवाद के बाद की थी पोस्ट

शाहजहांपुर, अल्लाहगंज में एक युवक ने शराब के नशे में सोशल मीडिया पर आत्महत्या की पोस्ट डाली। घटना 15 जुलाई की रात की है। मीडिया सेल से सूचना मिलते ही अल्हागंज पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। पुलिस टीम में हल्का उप-निरीक्षक नगेंद्र सिंह, हेड कॉन्स्टेबल जावेद अली और सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। टीम को युवक घर पर नशे की हालत में मिला। जांच में पता चला कि युवक कस्बा अल्हागंज से शराब पीकर घर आया था।

## जी.एम.मोमिन कॉलेज स्टडी सेंट के बी.ए. एम.ए.और बी.सी.ए.के शानदार परीक्षा परिणाम







भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक द्वारा संचालित रईस हाई स्कूल परिसर स्थित जी.एम. मोमिन वीमेंस कालेज अध्ययन केंद्र भिवंडी में जारी बीए, एमए और बीसीए परीक्षाओं के परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन घोषित किए गए हैं। इस वर्ष जीएम मोमिन कॉलेज अध्ययन केंद्र से बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा में कुल 239 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिनमें से 210 विद्यार्थी सफल हुए। कुल परिणाम 87.86% रहा। 19 विद्यार्थी विशिष्ट योग्यता के साथ, 173 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 18 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में सफल हुए। शीर्ष तीन विद्यार्थियों में मुहम्मद अनवर सनाउल्लाह 77.83% अंकों के साथ प्रथम,शेख मोहसिना तबरेज 77.5% अंकों के साथ द्वितीय और शेख सीमीन फिरदौस 77% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।एमए उर्दू अंतिम वर्ष की परीक्षा में 45 छात्र शामिल हुए थे।जिनमें से 44 छात्र सफल हुए। कुल परिणाम 97.77% रहा। 22 छात्र विशेष योग्यता के साथ पास हुए, 22 छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए। शीर्ष तीन छात्रों में बेग अक्सा रियाज 80.73% अंकों के साथ प्रथम,मुहम्मद खुजैमा हिजाजी 79.82% अंकों के साथ द्वितीय और अंसारी फरहीन 79.64% अंकों के साथ पर रहीं।इसी तरह, बीसीए अंतिम वर्ष परीक्षा में कुल 91 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 66 छात्र पास हुए। कुल परिणाम 72.52% रहा। दो छात्र विशेष योग्यता के साथ पास हुए, 29 छात्र प्रथम श्रेणी में और 35 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए। शीर्ष तीन छात्रों में,अंसारी अब्दुल रहमान 75.94% अंकों के साथ प्रथम,अंसारी इज्जा राणा 75.13% अंकों के साथ द्वितीय और शेख मुख्तार अहमद 73.9% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। छात्रों की इस शानदार सफलता पर केएमई सोसायटी प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, चेयरमैन,प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं सह-शिक्षक स्टाफ ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राष्ट्रीय क्षय रोग कार्यक्रम की समीक्षा और तालुका स्तर पर निक्षय पोषण किट वितरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अलका पारगे ने 15 जुलाई को मुरबाड तालुका के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धसई का दौरा कर राष्ट्रीय क्षय रोग कार्यक्रम की समीक्षा की। उनकी उपस्थिति में, कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई और क्षय रोग नियंत्रण हेतु चल रहे उपायों पर मार्गदर्शन दिया गया।

इस अवसर पर, डॉ. पारगे द्वारा एक गैर-सरकारी संगठन, वेलफेयर सोसाइटी फॉर डेस्टिट्यूट चिल्ड्रन, एकलहरे के सहयोग से क्षय रोग रोगियों के पोषण हेतु ₹निक्षय पोषण किट₹ वितरण पहल का तालुका स्तर पर शुभारंभ भी किया गया।इस पहल के तहत, मुरबाड तालुका के सभी सक्रिय क्षय रोग रोगियों को नियमित पोषण किट प्रदान की जाएँगी।

इस अवसर पर तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बनसोडे ने भी उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया और उन्हें क्षय रोग की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने इस पहल की सराहना की और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदकिशोर गोरडे, स्वास्थ्य सहायक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




इस पहल के माध्यम से न केवल दवाइयों पर बल्कि रोगियों के पोषण स्तर पर भी ध्यान दिया जा रहा है, जो राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है, डॉ. पारगे ने इस अवसर पर बताया।

# पीएनबी बैंक से चोरी की कोशिश

- होमगार्ड की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की, 3 चोरों को बैंक के अंदर से पकड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र के ददरौल में पंजाब नेशनल बैंक में चोरी की कोशिश नाकाम हो गई। पुलिस ने तीन चोरों को बैंक के अंदर से गिरफ्तार कर लिया है। चोरों ने रात में बैंक के ताले तोड़े और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को नुकसान पहुंचाया। बैंक में प्रवेश के लिए पीछे की दीवार में नकब लगाने का प्रयास भी किया। इसी दौरान गश्त कर रहे होमगार्ड को कुछ आवाजें सुनाई दीं। जांच में बैंक के ताले टूटे मिले। होमगार्ड ने तुरंत थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह को सूचित किया। इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बैंक की घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। बैंक मैनेजर को भी घटना की जानकारी दी गई। होमगार्ड को किया जाएगा सम्मानित एसपी राजेश द्विवेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिस की सतर्कता से चोरी की घटना नहीं हो पाई। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है। अधिकारियों ने कहा कि होमगार्ड की सतर्कता से बड़ी घटना टल गई। होमगार्ड को सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य कर्मी भी प्रेरित होंगे।

## बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, उछलकर डिवाइडर पर गिरे

### बीमार समधी से मिलने जा रहे थे, लखनऊ ले जाते समय मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय अशरफ अली की मौत हो गई। वह अपने बीमार समधी से मिलने साइकिल से जा रहे थे तभी एक बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के ककरा कला निवासी अशरफ अली रोजा थाना क्षेत्र के हथौड़ा में अपने समधी से मिलने जा रहे थे। भीड़ के कारण वह साइकिल लेकर पैदल चल रहे थे। हथौड़ा चौराहे के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से वह उछलकर डिवाइडर पर गिरे और फिर सड़क पर आ गिरे।

राहगीरों ने उन्हें पहचान लिया और परिजनों व पुलिस को सूचना दी। लखनऊ रेफर किया गया पुलिस ने घायल अशरफ को पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। सीतापुर तक पहुंचते-पहुंचते रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजन शव को वापस अस्पताल ले आए और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मजदूर से दबंगों ने मांगे शराब के पैसे

### मना करने पर पीटा, 5000 रुपये छीने और खेत में फेंका, मोबाइल भी तोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में एक मजदूर के साथ दबंगों ने मारपीट कर उससे 5000 रुपये छीन लिए। घटना 13 जुलाई की रात 8 बजे की है। सीखमपुर गांव का युवक मजदूरी करके घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही गुलाब, श्यामपाल और मुन्नू ने उससे शराब पिलाने की मांग की। मजदूर के मना करने पर तीनों ने उसे पकड़ लिया। उसकी पिटाई की और जेब से 5000 रुपए छीन लिए। आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित को पास के खेत में लगे आरी के



तार पर फेंक दिया। किसी तरह वह बच गया। अगली सुबह जब पीड़ित ने अपने पैसे और मोबाइल की मांग की, तो आरोपियों ने उसे गालियां देकर भगा दिया। पीड़ित ने भीम आर्मी कार्यकताओं के साथ जलालाबाद तहसील में क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय ने थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## नाले में डूबा 8 साल का बच्चा

### दोस्तों के साथ नहाने गया था, तैराक ने आधे घंटे में निकाला शव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। बरेईन गांव में 8 वर्षीय मंगल सिंह की नाले में डूबने से मौत हो गई। मंगल कक्षा 4 का छात्र था। मंगल अपने पड़ोस के दोस्तों के साथ गांव के नाले में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। मंगल के डूबने के बाद बच्चे वहां से चले गए। गांव में बच्चे जब इस घटना की चर्चा कर रहे थे, तब गांव के रहने वाले आत्माराम ने यह बात सुन ली।



उन्होंने तुरंत मंगल के परिवार को इस हादसे की जानकारी दी। परिजन ग्रामीणों के साथ नाले के पास पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया तैराक आत्माराम ने नाले में बच्चे की तलाश शुरू की। लगभग 30 मिनट की मशक्कत के बाद उन्होंने मंगल का शव बरामद कर लिया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मंगल रामरहीस का बेटा था। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# बिजली कटौती से 20 गांवों में परेशानी

### दो दिन से बिजली न मिलने पर किया प्रदर्शन, एसडीओ बोले– लोड ज्यादा होने से समस्या

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र के करीब 20 गांवों में बिजली कटौती से लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्राम सराय साधो में दो दिन से बिजली न मिलने के कारण बुधवार को ग्रामीणों ने बिजली दफ्तर पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे हैं। शिकायत करने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी धमकी देते हैं। विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जिलाधिकारी के सामने प्रदर्शन करेंगे। एसडीओ सौरव शाक्य ने बताया कि गर्मी के कारण बिजली का लोड अधिक है। क्षेत्र में शिफ्ट के अनुसार बिजली की आपूर्ति की जा रही है, जिससे लो



वोल्टेज की समस्या आ रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुराने तारों को जल्द ही बदला जाएगा, जिससे बिजली व्यवस्था में सुधार होगा। प्रदर्शन में अक्षय सक्सेना, ब्रजेश राणा, धर्मवीर वर्मा, वेदपाल वर्मा, रामदेव वर्मा, सतीश वर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## चाइनीज मांझे पर कार्रवाई को लेकर शाहजहांपुर में व्यापारी बंटे



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर व्यापारी संगठनों में मतभेद सामने आया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। संगठन के अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने रैली निकालकर एसपी कार्यालय का घेराव किया। व्यापार मंडल का आरोप है कि पुलिस ने अंगूठा कटने के मामले में चार पतंगबाजों को गिरफ्तार कर उनसे पैसों की मांग की। पैसे न मिलने पर उनके साथ मारपीट की गई। संगठन ने चौक कोतवाली के इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दूसरी तरफ, व्यापारियों के एक अन्य संगठन ने पुलिस की कार्रवाई का समर्थन किया।

भारत संवाद परिवार

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# नाटो की भारत पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी

## कहा- इंडियन पीएम हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा

एजेंसी

ब्रसेल्स, नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है। रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100% सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के




अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है। अमेरिका अब यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल जैसे आधुनिक हथियार देने वाला है, ताकि वह रूस के हमलों से बच सके। सेकेंडरी प्रतिबंध उन देशों या कंपनियों पर लगाए जाते हैं जो सीधे प्रतिबंधित देश पर नहीं, लेकिन उसके साथ व्यापार करने वाले देशों या कंपनियों पर लगाए जाते हैं। इसे आसान भाषा में ऐसे समझिए कि जैसे अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगा रखा है। अगर अब भारत की कोई कंपनी ईरान से तेल खरीदती है, तो अमेरिका कह सकता है कि भारत की कंपनी ने हमारे प्रतिबंधों की अनदेखी की है, ऐसे में हम उन्हें सजा देंगे। अमेरिका, ईरान से व्यापार करने वाली कंपनी को अमेरिकी बैंकिंग सिस्टम से निकाल सकती है, जुमार्ना लगा सकती है या व्यापार पर रोक लगा सकती है। इसका असर ये होता है कि सेकेंडरी प्रतिबंध के डर के कारण बहुत सी कंपनियां ऐसे देशों से व्यापार करने से बचने लगती हैं। दो दिन पहले ट्रम्प ने रूस पर 100% टैरिफ की धमकी दी ट्रम्प ने सोमवार को रूस पर यूक्रेन से जंग खत्म करने का दबाव डालने के लिए भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा था- मैं ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करता हूं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। ट्रम्प ने कहा था कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं किया, तो उस पर 100% टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने बताया कि यह 'सेकेंडरी टैरिफ' होगा, जिसका मतलब रूस से तेल खरीदने वाले देशों, जैसे भारत और चीन, पर भी प्रतिबंध लगेगा। भारत रूस से कच्चे तेल का एक बड़ा खरीदार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया है। अगर सेकेंडरी प्रतिबंध लागू होते हैं, तो भारत पर इसके बुरे प्रभाव पड़ सकते हैं।

# अमेरिका में भारतीय महिला पर चोरी का आरोप

## बिना पेमेंट 1 लाख का सामान लेकर निकल रही थी, बोली- मैं यहां की नागरिक नहीं हूं

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के इलिनॉय में एक भारतीय महिला पर सुपरमार्केट स्टोर से 1 लाख से ज्यादा का सामान चोरी करने का आरोप लगा है। पुलिस के अनुसार, महिला ने स्टोर में सात घंटे बिताए और बिना भुगतान किए सामान के साथ बाहर निकलने की कोशिश की। यह घटना 1 मई 2025 को हुई थी। अब सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। महिला का नाम अनाया अवलानी बताया जा रहा है। स्टोर के कर्मचारियों को उसका व्यवहार संदिग्ध लगा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को बुलाया। पुलिस को रिश्वत देने की कोशिश की



स्टोर के एक कर्मचारी ने बताया कि महिला काफी देर से स्टोर में मौजूद थी और बिना किसी मकसद के इधर-उधर घूम रही थी। उसे यह भी देखा गया कि वह बार-बार सामान उठाकर टोकरी में रखती, फिर हटाती और दूसरी जगह जाती रही। अंत में वह बिना भुगतान किए गेट से बाहर निकलने की कोशिश करने लगी। स्टाफ ने तुरंत सुरक्षा अलर्ट जारी किया और पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि जब पुलिस ने महिला को रोका तो उसने पैसे देकर मामला रफा-दफा करने की कोशिश की। कथित तौर पर उसने अधिकारियों को रिश्वत देकर छोड़ देने का प्रस्ताव दिया। महिला ने अपनी सफाई में कहा, अगर मैंने आपको किसी तरह की परेशानी दी हो तो मैं माफी चाहती हूं। मैं इस देश की नागरिक नहीं हूं और मुझे यहां रुकना भी नहीं है। मैं सभी सामान का भुगतान करने को तैयार हूं। इस पर एक महिला पुलिस अधिकारी ने सख्त लहजे में जवाब दिया, क्या भारत में चोरी की अनुमति है ? मुझे ऐसा नहीं लगता। इसके बाद पुलिस ने बिल जांच की तो पाया कि महिला ने सच में पेमेंट नहीं किया था। इसके आधार पर उसे वहीं हथकड़ी पहनाई गई और पुलिस स्टेशन ले जाया गया। वहां औपचारिक प्रक्रिया शुरू की गई। महिला पर फेलोनी यानी गंभीर अपराध के तहत केस दर्ज किया जा रहा है।

हालांकि अभी तक औपचारिक गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि जल्द ही उस पर आरोप तय किए जाएंगे। हालांकि, उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन गंभीर अपराध के आरोप लगने की संभावना है।

# गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत

## खाना लेने के दौरान अब तक 870 फिलिस्तीनी मारे गए; इजराइली सेना पर नरसंहार का आरोप

एजेंसी

गाजा, गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए, जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजराइली सेना और अमेरिका पर जानबूझकर भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया। जीएचएफ ने भी अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है, लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन इन जीएचएफ सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस (जीएमओ) ने पिछले महीने इजराइली आर्मी पर फिलिस्तीनियों को ड्रग्स देने का आरोप लगाया था। जीएमओ का कहना था कि गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने फिलिस्तीनी लोगों को जो आटे की बोरियां दी हैं, उनमें ऑक्सीकोडोन नाम की नशीली गोलियां मिली हैं। जीएचएफ को इजराइली सेना चलाती है और इसे



अमेरिका से सपोर्ट मिलाता है। जीएमओ ने कहा था कि यह लोगों को नशे की लत लगाने की साजिश है। इजराइल नशीली दवाओं को हथियार के तौर में इस्तेमाल कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजराइली हमलों में गाजा के 58,573 लोग मारे गए हैं और 1,39,607 अन्य घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटों में 94 लोगों की मौत हुई है और 252 घायल हुए। 18 मार्च के बाद से अब तक 7,750 लोग मारे गए हैं और 27,566 घायल हुए हैं। गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजराइल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। गाजा के मीडिया कार्यालय ने इजराइल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फिलिस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है। ऑफिस ने कहा कि इजराइली सेना जबरन बेदखली, बमबारी और सहायता रोककर गाजा को तबाह कर रही है। यह नरसंहार और नस्लीय सफाई है। इजराइल की कार्रवाइयों में अब तक 56,331 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।

जीएमओ ने दावा किया था कि गाजा का 70% से ज्यादा बिल्डिंग्स तबाह हो चुकी हैं और 19 लाख लोग (85% आबादी) अपने घरों से बेघर हो गए हैं।

# पाकिस्तानी पत्रकार को पूर्व पति ने पीटा, आंख में सूजन

## पत्रकार बोलीं- जालिम इंसान ने जिंदगी बर्बाद की, इंसाफ अल्लाह पर छोड़ती हूं

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तानी पत्रकार और टीवी एंकर जस्मीन मंजूर ने अपने पूर्व पति पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाया है। बुधवार को उन्होंने पर अपनी चोट की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इनमें उनके चेहरे पर चोट और सूजन दिख रही थी। जस्मीन ने दावा किया कि उनके पति ने उनके साथ मारपीट की है। जस्मीन ने एक पोस्ट में लिखा- यह मैं हूं। हां, यह मेरी कहानी है - मेरी जिंदगी एक जालिम इंसान ने बर्बाद कर दी। मैं अपना इंसाफ



अल्लाह पर छोड़ती हूं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा- यह मेरे पूर्व पति की देन है। मैं लंबे समय तक सोचती रही कि क्या मुझे यह बात सार्वजनिक करनी चाहिए। लेकिन मैं हिम्मत दिखाना चाहती हूं ताकि हम सब मिलकर इस तरह के व्यवहार के खिलाफ एकजुट हों और सरकारी अधिकारी अपनी आंखें खोलें। जस्मीन ने आगे लिखा- यह किसी के भी साथ हो सकता है। घर के अंदर भी कोई सुरक्षित नहीं है। सबसे खतरनाक लोग वही हैं, जिन पर आप आंख मूंदकर भरोसा करते हैं। उन्होंने अपने पूर्व पति को डरपोक बताते हुए कहा कि जब आपको एक महिला मिलती है, तब आप अपना असली रंग दिखाते हैं। आप बस एक डरपोक हैं। कुछ लोग हमेशा नफरत करते हैं, लेकिन उन्हें कोई इल्जाम नहीं दिया जाना चाहिए, यह उनकी जिंदगी की नाकामी है। मेरे पास ऐसी 50 और तस्वीरें हैं। सोशल मीडिया पोस्ट के बाद कई लोग खुलकर जस्मीन के सपोर्ट में आ गए। एक यूजर ने लिखा- घरेलू हिंसा हमारे समाज पर एक दाग है। एक अन्य ने कहा, पाकिस्तान में आप कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। एक यूजर ने लिखा- अपने एक्सपीरियंस को शेयर करना बहुत हिम्मत का काम है, आप इस लड़ाई में अकेली नहीं हैं। आपके लिए ढेर सारी दुआएं।

# दिग्विजय सिंह ने कांवड़ और नमाज में फर्क करने का लगाया आरोप

## शेयर की विवादित तस्वीर, बीजेपी ने कह दिया 'मौलाना'




दिग्विजय सिंह द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर में दिखाया गया है कि कांवड़ यात्रा के कारण एक सड़क को अवरुद्ध किया गया है, और दूसरी तस्वीर में दिखाया गया है कि नमाज अदा कर रहे मुसलमानों को पुलिस द्वारा लात मारी जा रही है।

एजेंसी

सावन के महीने की शुरूआत के साथ ही देशभर में कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। कांवड़ यात्रा को लेकर अलग-अलग राज्यों में सरकार की ओर से कई इंतजाम किए गए हैं। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर कर कांवड़ यात्रा को लेकर बयान जारी किया है। दिग्विजय सिंह ने कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के लिए सड़कें जाम करने पर सवाल उठाए। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, 'एक देश, दो विधान। दिग्विजय सिंह द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर में दिखाया गया है कि कांवड़ यात्रा के कारण एक सड़क को अवरुद्ध किया गया है, और दूसरी तस्वीर में दिखाया गया है कि नमाज अदा कर रहे मुसलमानों को पुलिस द्वारा लात मारी जा रही है। इस पोस्ट की भाजपा ने तीखी आलोचना की है। भाजपा नेता विश्वास सारंग ने दिग्विजय सिंह के इस बयान पर पलटवार करते हुए उन्हें मौलाना विश्वास सारंग बताया है। उन्होंने कहा कि मौलाना दिग्विजय सिंह केवल सनातन का विरोध करते हैं और कांवड़ यात्रा जैसे पवित्र पर्व को विवादास्पद बनाना चाहते हैं। मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मौलाना दिग्विजय सिंह केवल सनातन धर्म का विरोध करते हैं। वह कांवड़ यात्रा जैसे पवित्र त्योहारों को लेकर भी विवाद पैदा करने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनसे इससे ज्यादा की उम्मीद नहीं की जा सकती। वही दिग्विजय सिंह जो जाकिर नाइक का महिमामंडन करते हैं, आतंकवादियों को बचाने की बात करते हैं, सेना के हर ऑपरेशन पर सवाल उठाते हैं और पाकिस्तान समर्थक भावनाओं को बढ़ावा देते हैं, तुष्टिकरण की राजनीति करते रहते हैं... इसीलिए लोग उन्हें 'मौलाना दिग्विजय सिंह' कहते हैं। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह ने हमेशा हिंदू धर्म, हिंदू अनुयायियों, हिंदू संतों और हिंदू त्योहारों का अपमान किया है। विश्वास सारंग ने कहा कि मैं दिग्विजय सिंह से कहना चाहता हूँ कि अगर हिंदू और सनातन धर्म के किसी भी त्योहार पर ऐसी टिप्पणी की गई, तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिग्विजय सिंह को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। गौरतलब है कि इस महीने में पूरे देश में कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है।

# 'कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते'

## सीडीएस बोले- विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही, स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरूरी

**हम इम्पोर्टेड टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि यह हमारे युद्ध और डिफेंस ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है। उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को कम करती है। इससे अहम मैकेनिकल पार्ट्स की कमी होती है।**

एजेंसी

नई दिल्ली, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध तैयारियां कमजोर करती है। सीडीएस ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है।



हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके।

सीडीएस ने ये बातें दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सीडीएस (अनमैंड एरियल व्हीकल) और उ-वअर (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) की प्रदर्शनी में कहीं।

सीडीएस बोले- सेना ने ड्रोन्स का क्रांतिकारी इस्तेमाल किया युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा- मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवॉल्यूशनरी (विकासवादी) हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमारे लड़े गए कई युद्धों में आपने यह देखा है। 3 जून को कहा था- ढअङ की प्लानिंग 8 घंटे में फेल हुई उऊर जनरल चौहान ने 3 जून को पुणे यूनिवर्सिटी में 'भविष्य के युद्ध और युद्ध' विषय पर लेक्चर में कहा था, '10 मई रात पाकिस्तान ने भारत को 48 घंटे में घुटने पर लाने की प्लानिंग की थी। उसने कई जगह पर एक साथ हमले किए, लेकिन उसकी योजना 8 घंटे में ही फेल हो गई थी। इसके बाद बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।' उन्होंने कहा था कि पहलगाम में जो कुछ हुआ, उससे कुछ हफ्ते पहले ही पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकना था।

# राहुल बोले- जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले

## पीएम मोदी को लेटर लिखा; कहा- मानसून सत्र में बिल लाया जाए

**राहुल ने अपने लेटर में प्रधानमंत्री मोदी के पुराने दो बयानों का भी जिक्र किया। जब पीएम ने 19 मई 2024 को भुवनेश्वर में और 19 सितंबर 2024 को श्रीनगर की रैली में जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने की बात कही थी।**



एजेंसी

नई दिल्ली , लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की मांग की है। राहुल ने पीएम मोदी को लेटर लिखकर कहा कि, संसद के आगामी मानसून सत्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए बिल लाया जाए। इसके अलावा राहुल ने सरकार से लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए कानून लाने का भी अनुरोध किया। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35अ हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुर्नगठित किया गया था। इसलिए पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए संसद में एक कानून पारित कर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव करना होगा। यह बदलाव संविधान की धारा 3 और 4 के तहत होंगे। राज्य का दर्जा देने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में नए कानूनी बदलावों का अनुमोदन जरूरी होगा, यानी संसद से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलना जरूरी है। मंजूरी के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी के बाद जिस दिन राष्ट्रपति इस कानूनी बदलाव की अधिसूचना जारी करेंगे।

# आईएसएस से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वापसी पर मंत्रिमंडल का संकल्प

**भारत आने वाले समय में गगनयान मिशन के जरिए और भी बड़े लक्ष्यों की ओर देख रहा है। हमने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का संकल्प भी लिया है। शुभांशु शुक्ला के मिशन की इस सफलता ने भारत को अपने इन लक्ष्यों के एक कदम और करीब पहुंचा दिया है।**

## आज मंत्रिमंडल कई महत्वपूर्ण विषयों के साथ देश की एक महान उपलब्धि से जुड़ी देश की भावना को अभिव्यक्त कर रही है।

एजेंसी

15 जुलाई को भारत की अनंत आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अन्तरिक्ष यात्रा से सकुशल धरती पर लौटे हैं। ये समूचे देश के लिए गर्व, गौरव और उल्लास का अवसर है। आज मंत्रिमंडल, देश के साथ मिलकर, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौटने का अभिनंदन करता है। उन्होंने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर 18 दिन का ऐतिहासिक मिशन पूरा किया। ये मिशन 25 जून 2025 को लॉन्च हुआ था, जिसमें ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला मिशन पायलट के रूप में शामिल हुए।




इस मिशन के जरिए पहली बार कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर गया। ये भारत के स्पेस प्रोग्राम का एक नया अध्याय है। ये अन्तरिक्ष में भारत की एक बड़ी उड़ान है, एवं हमारे स्पेस प्रोग्राम के भविष्य की स्वर्णिम झलक देता है। मंत्रिमंडल इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए करफड के साथ वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता है। उनकी निष्ठा, तपस्या और परिश्रम ने इस सपने को साकार किया। करर पर रहते हुए ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने 73 के सदस्यों के साथ मिलकर अनेक प्रयोग किए। ये इंटरनेशनल स्पेस को ऑपरेशन में भारत की बढ़ती लीडरशिप भूमिका का प्रमाण है। उन्होंने माइक्रोग्रैविटी से जुड़े कई प्रयोग किए। शैवाल एवं सूक्ष्मजीवों की ग्रोथ और अंतरिक्ष में फसलों की क्षमता से जुड़े वैज्ञानिक अनुसंधान इसमें शामिल थे। इस मिशन में माइक्रोब्स के जीवन की संभावनाएं और इंसान की सोचने-समझने की क्षमता पर अंतरिक्ष के असर का अध्ययन भी हुआ। सायनोबैक्टीरिया जैसे जीवों के व्यवहार जैसे कई अहम विषयों पर काम किया गया। इन प्रयोगों से अंतरिक्ष में मानव जीवन को लेकर समझ और गहरी होगी, माइक्रोग्रैविटी साइंस में हम आगे बढ़ेंगे। भारत आने वाले समय में गगनयान मिशन के जरिए और भी बड़े लक्ष्यों की ओर देख रहा है। हमने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का संकल्प भी लिया है।

## संक्षेप

### व्यापारियों की महापंचायत

**बिल और थाना प्रशासन से परेशान, फूड विभाग के अधिकारियों पर वसूली का आरोप**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर स्थित बरौसा बाजार में व्यापारियों की महापंचायत का आयोजन किया गया। यह बैठक तहसील महामंत्री जयसिंहपुर सत्यम शुक्ला के कैंप कार्यालय पर हुई। बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि और तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता समेत कई व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं को उठाया। इनमें विद्युत विभाग द्वारा अधिक बिल भेजना और कर्मचारियों द्वारा बिल सुधार के नाम पर अनुचित व्यवहार प्रमुख हैं। व्यापारियों ने बताया कि बरसात में नालियां जाम होने से सड़कों पर पानी भर जाता है। उन्होंने थाना प्रशासन पर भी आरोप लगाए कि वह व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेता। साथ ही फूड विभाग के अधिकारी निजी व्यक्तियों के साथ दुकानों पर आकर नमूना भरने के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। समाधान का आश्वासन प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने आश्वासन दिया कि वह डीएम और एसपी से मिलकर समस्याओं का समाधान करवाएंगे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर घटिया पोषाहार का खेल

**बल्दीराय ब्लॉक में सड़ी दाल का वितरण, धनपतगंज और जयसिंहपुर में भी मिल चुकी खराब दाल**

सुलतानपुर, आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण में बड़ी लापरवाही सामने आई है। बल्दीराय ब्लॉक के हलियापुर केंद्र में सड़ी दाल का वितरण किया गया। स्थानीय निवासी अंशुमान के अनुसार यह पहली बार नहीं है, लेकिन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। धनपतगंज ब्लॉक में पिछले महीने भी महिलाओं को सड़ी दाल बांटी गई। मीडिया में खबर आने के बाद देहली बाजार के विपिन से दाल वापस ली गई। जून माह में जयसिंहपुर ब्लॉक के रुपिनपुर आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती और धात्री माताओं को घुन लगी चने की दाल दी गई। रुपिनपुर के अमन कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायत की। उन्होंने बताया कि कई महीनों से पोषाहार नहीं मिला था। ऑनलाइन शिकायत के बाद मिली दाल घुनी और सड़ी हुई थी। दाल के पैकेट पर एक्सपायरी की तारीख 8 जनवरी 2025 अंकित थी।

### पतीपुर में नहर किनारे मिला युवक का शव

**तीन दिन से इलाके में धुम रहा था मृतक, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

सुलतानपुर, भदैया विकास खंड के पतीपुर गांव में बुधवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। नहर की पुलिया के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्राम प्रधान पति कमलेश यादव ने तुरंत शिवगढ़ पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक विक्षिप्त अवस्था में था। वह पिछले दो-तीन दिनों से इस इलाके में घूमता हुआ देखा गया था।

# श्मशान घाट डूबा, सड़क पर अंतिम संस्कार

## गंगा-यमुना उफान पर, शहरी इलाकों में घुसा पानी, 200 गांव बाढ़ की चपेट में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, गंगा-यमुना उफान पर हैं, बुधवार सुबह से घाटों पर पानी चढ़ गया है। नदियों के आसपास के 15 से ज्यादा मोहल्लों की 5 लाख की आबादी बाढ़ के पानी से घिर गई हैं। दारागंज के श्मशान घाट पर पानी भर गया है। अब शवों का अंतिम संस्कार दारागंज से संगम जाने वाली मोरी रोड पर किया जा रहा है। बुधवार को करीब 13 शवों का संस्कार रोड पर हुआ। अब बात उन मोहल्लों की करते हैं, जहां लोग गंगा-यमुना के पानी से घिर चुके हैं। नाग वासुकी, छोटा बघाड़ा, बड़ा बघाड़ा, सलोरी, नेवादा, राजापुर, दारागंज, बांगबरी गद्दी, दारागंज कछारी, शिवकुटी कछारी, करेलाबाग समेत 15 इलाके हैं। इनमें करीब 5 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। सड़कों पर पानी आने से लोगों के लिए सामान्य आवागमन दिक्कत कर रहा है। वहीं, शहर से 20 किमी के दायरे में आने वाले गंगापार और यमुनापार के कछारी इलाकों के 200 से ज्यादा गांव पर भी बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। झूंसी और अरैल के 10 गांवों के खेतों में पानी भरा है, इससे किसानों को नुकसान हो रहा है। गांवों की बसाहट करीब 2 लाख लोगों की है। प्रयागराज में शहर का बलुआ घाट बारादरी बाढ़ के पानी की वजह से डूब गया। यहां श्रद्धालुओं की रोज भीड़ होती थी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं के आने पर रोक लगा दी है। इस घाट पर रोज शाम को यमुना आरती का भी आयोजन किया जाता है। बारादरी डूबने से आरती और पूजा की जगह बदली गई है। अब बरुआ बाबा मंदिर के पास से आरती और पूजन करने की व्यवस्था बनाई जा रही है। वहीं प्रशासन लगातार लोगों के बीच अलर्ट जारी कर रहा है। जबकि अभी गंगा-यमुना खतरे के निशान से काफी दूर हैं। यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 81.45 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान 84.734 मीटर से लगभग 3 मीटर नीचे है। गंगा नदी भी फाफामऊ, छतनाग और बक्सी एसटीपी पर 81.83, 80.79 और 81.36 मीटर पर बह रही है। गंगा का जलस्तर फाफामऊ में सबसे ज्यादा है। लेकिन ये अभी भी खतरे के निशान से लगभग 3 मीटर नीचे है। गंगा यमुना में बाढ़ की वजह से नावों के संचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

घाटियों, पंडों को वहां से हटा दिया गया है। पंडों, पुजारियों के तख्तों को भी प्रशासन ने हटवा दिया है। जिससे कोई जनहानि न हो।

# मोबाइल चोरी होते ही अकाउंट खाली

## खातों की डिटेल निकाल रहे, कई घटनाओं के बाद साइबर सुरक्षा सेल ने जारी किया अलर्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इन दिनों साइबर ठगी के कई अजीबोगरीब केस सामने आए हैं। साइबर अपराध की दुनिया में एक नया और अत्यंत खतरनाक ट्रेंड सामने आया है। मोबाइल चोरी होते ही पीड़ित के बैंक खाते से बड़ी रकम निकाल निकल जाती है। शहर और देहात क्षेत्र में ऐसे कई केस सामने आने के बाद प्रयागराज साइबर सुरक्षा की टीम ने सतर्कता अभियान शुरू किया है। इसके बाद पुलिस टीम सभी विभागों में जाकर लोगों को सतर्क और जागरूक कर रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस के साइबर सुरक्षा वक्ता जय प्रकाश सिंह का कहना है कि जांच कर इस तरह की धोखाधड़ी के पीछे छिपे एक तकनीकी लूपहोल को पहचान की है। इसे मामले को आला अफसरों के संज्ञान में लाएं हैं। संबंधित अधिकारियों को ईमेल भेजकर पूरा मामला बताया गया है। वे बताते हैं कि इस धोखाधड़ी की प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील है, जिसे सार्वजनिक रूप से साझा करना उचित नहीं होगा, क्योंकि इससे अपराधियों को इसका दुरुपयोग करने का रास्ता मिल सकता है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से मोबाइल चोरी किया जाता है। चोर उसमें लगी सिम निकालकर अपने फोन में डालते हैं। तकनीकी तरकीबों से वे खाते की जानकारी हासिल करते हैं और बिना ओ.टी.पी के भी पैसे ट्रांसफर कर देते हैं। प्रयागराज में भारतीय सेना के एक सेवानिवृत्त जवान के साथ इस तरह की घटना सामने आई है, जिसमें 1 जुलाई 2025 से 5 जुलाई 2025 के बीच 3 लाख रुपये उनके खाते से निकल गए।

# तीन लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**एक महिला एम्स रेफर, दो मरीजों का जिला अस्पताल में इलाज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो महिलाओं समेत तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक महिला को गंभीर स्थिति में रायबरेली एम्स रेफर किया गया। अन्य दो मरीजों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे बख्तावर गांव के राम मिलन ( 30 ) ने जहरीला पदार्थ खाया। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे हरबंश का पुरवा की 19 वर्षीय किशोरी ने भी रात 10 बजे जहरीला पदार्थ खाया। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के सुंदरपुर गांव की अनारा देवी ने रात साढ़े 9 बजे जहरीला पदार्थ खाया। उन्हें पहले संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को देखते हुए रायबरेली एम्स रेफर कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने तीनों मामलों की सूचना गौरीगंज थाने को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तीनों व्यक्तियों द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की परिस्थितियों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# जीआईसी प्रिंसिपल ने शैक्षिक भ्रमण में की धोखाधड़ी

## 678 की जगह 1404 छात्र दिखाकर किया 3.57 लाख का गबन, जांच में पदार्फाश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, राजकीय इंटर कालेज में शैक्षिक भ्रमण के नाम पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी पर 3,57,955 रुपए के गबन का आरोप सिद्ध हुआ है। मामला तब उजागर हुआ जब अमित कुमार ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज की। शिकायत में प्रधानाचार्य पर पुरातन छात्र सम्मेलन के धन और शैक्षिक भ्रमण की राशि के दुरुपयोग का आरोप था। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने दो सदस्यीय जांच समिति गठित की। जांच में पता चला कि प्रधानाचार्य ने राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, जायस अमेठी में 1,404 छात्रों का शैक्षिक भ्रमण दिखाया। इसके लिए उन्होंने 6,96,955 रुपए का आहरण किया। संस्थान के अनुसार वास्तव में केवल 678 छात्रों ने भ्रमण किया था। जांच में यह भी सामने आया कि प्रधानाचार्य ने विद्यालय विकास की विभिन्न ग्रांट में वित्तीय नियमों का पालन नहीं किया। इनमें कंपोजिट ग्रांट, स्पोर्ट्स ग्रांट, टीएलएम ग्रांट और यूथ एवं इको क्लब ग्रांट शामिल हैं। जांच समिति ने प्रधानाचार्य से 3,57,955 रुपए की वसूली और विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की है। प्रधानाचार्य ने 726 अतिरिक्त छात्रों का फर्जी भुगतान दिखाकर यह गबन किया। यह डॉ. तिवारी की सुल्तानपुर जनपद में पीईएस के रूप में पहली नियुक्ति है। शैक्षिक सत्र 2024-25 में किया गया यह गबन सरकारी धन के दुरुपयोग का स्पष्ट मामला है।

# कृषक सेवा केंद्र पर पहुंची डीएपी खाद



**955 बोरी डीएपी और 500 बोरी एनपीएस खाद की हुई आपूर्ति, किसानों को मिली राहत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, विकास खंड क्षेत्र के महमूदपुर ग्राम पंचायत स्थित कृषक सेवा केंद्र पर डीएपी खाद की नई खेप पहुंच गई है। केंद्र पर 955 बोरी डीएपी और 500 बोरी एनपीएस खाद की आपूर्ति हुई है। पिछले एक सप्ताह से खाद की कमी के कारण किसान परेशान थे। वे कृषक सेवा केंद्र से खाली हाथ लौट रहे थे। अब खाद की आपूर्ति से धान की रोपाई कर रहे किसानों को राहत मिलेगी। केंद्र सहायक मनोज द्विवेदी के अनुसार, खाद पहुंचते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। किसान लाइन में लगकर डीएपी खाद ले रहे हैं। केंद्र पर यूरिया सहित अन्य उर्वरक भी उपलब्ध हैं। इससे किसानों को अपनी जरूरत के अनुसार खाद मिल रही है। किसानों ने प्रशासन और कृषि विभाग का आभार जताया है। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की है कि आगे भी खाद की आपूर्ति समय पर होती रहेगी। इससे धान की रोपाई का कार्य बिना रुकावट पूरा किया जा सकेगा।

# खेत में गए 3 युवकों को पुलिस ने पीटा

## 2000 रुपए छीने; एनकाउंटर की धमकी, एसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, जामो थाना क्षेत्र में पुलिस की ज्यादती का मामला सामने आया है। सोमवार की रात खेत में पानी लगाने गए तीन युवकों के साथ तीन पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने युवकों से 2000 रुपए भी छीन लिए।

घटना जामो थाना क्षेत्र के अतरौली की है। सुल्तान, अंकुर शर्मा और संगीत खेत में पानी लगाने गए थे। ट्यूबवेल मालिक ने कुछ देर बाद पानी लगाने को कहा। इस दौरान तीनों युवक पास की पुलिया पर बैठ गए। जामो थाने में तैनात तीन सिपाही दलजीत सिंह, दिवाकर और एक अन्य मौके पर पहुंचे। पीड़ितों का आरोप है कि नशे में धुत सिपाहियों ने पहले गालियां दीं। विरोध करने पर युवकों की पिटाई कर दी। सिपाही युवकों को थाने ले गए, जहां भी उनकी पिटाई की गई। मारपीट में सुल्तान को गंभीर चोटें आईं। तीनों युवकों को थाने से छोड़ा गया। बुधवार को पीड़ित युवक तहसील पहुंचे। उन्होंने प्रशानिक अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा और मेडिकल जांच की मांग की। जामो थाना प्रभारी विनोद सिंह का कहना है कि युवक बिना नंबर की अपाचे बाइक से रात में पुलिया पर बैठे हुए थे। पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। बाद में ग्राम प्रधान को सौंप दिया गया। उन्होंने मारपीट से इनकार किया है।

# पशु चोरों से पुलिस की मुठभेड़, 2 घायल

## अलीगढ़ में इगलास में पुलिस कर रही थी चेकिंग, रोकने पर आरोपियों ने चलाई गोली

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, इगलास थाना क्षेत्र में पशु चोरों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, इसमें दोनों आरोपी घायल हो गए हैं। पुलिस ने घायल आरोपियों को इगलास सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां पर उनका इलाज जारी है। दोनों आरोपियों के पास से पुलिस को तमंचे और अवैध कारतूस बरामद हुए हैं। इसके साथ ही चोरी के पशु बेंचकर कमाए हुए 17 हजार रुपए भी बरामद किए गए हैं। सीओ इगलास ने बताया कि इलाके में बीते दिनों पशु चोरी की गई घटनाएं हुई थी। जिसके चलते स्वॉट टीम और थाने की पुलिस लगातार मामले की जांच कर रही हैं। मंगलवार की देर रात को भी पुलिस डबल नहर बंबा के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि दो आरोपी बाइक से इगलास में देखे गए हैं। जिसके बाद टीमें पूरी तरह से एलर्ट थी। तभी दोनों आरोपी पुलिस को आते हुए दिखाई दिए तो टीम ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जिसके बाद आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की फायरिंग में थाना गभाना के किन्होई निवासी सोमवीर पुत्र राजेंद्र सुल्ला और जवां थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी यूनूस पुत्र गरीब खां घायल हुए हैं। दोनों का इलाज जारी है, जिसके बाद इन्हें कोर्ट में पेश करके जेल भेजा जाएगा। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की कई घटनाएं कबूल की हैं। आरोपियों ने बताया वह पशु चोरी करे बेंचते थे और इससे जो भी रकम मिलती थी, उसे आपस में आधा-आधा बांट लेते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कई थानों में मुकदमें दर्ज हैं, जिसका रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। सीओ इगलास महेश कुमार ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की थी।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर नाइट्रोजन गैस टैंकर में टक्कर

## कैंटर ड्राइवर घायल, गैस लीक की आशंका में फरीदाबाद से इंजीनियर टीम बुलाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा होने से उस समय टल गया जब एक गैस कैप्सूल में तेज रफ्तार आईसर कैंटर ने टक्कर मार दी। जिससे हाईवे पर हड़कंप मच गया , वही गैस लीक की सूचना पर पुलिस और यमुना एक्सप्रेसवे के कर्मचारी दौड़ पड़े। मौके पर देखा कि कैंटर गैस कैप्सूल में पीछे से फंसा हुआ है जिसे क्रेन बुलाकर आनन फानन में निकाला गया और मौके पर सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बताया गया की गैस रिसाव की जानकारी के लिए इंजीनियरों की टीम बुलाई गई है। थाना सुरीर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। माइलस्टोन 78 के पास एक खड़े नाइट्रोजन गैस कैप्सूल टैंकर में तेज रफ्तार आईसर कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जोरदार धमाका हुआ। हाईवे पर चल रहे वाहन गैस रिसाव की आशंका से रुक गए। सूचना मिलते ही पुलिस और एक्सप्रेसवे कर्मी वॉटर टैंकर लेकर मौके पर पहुंच गए। टक्कर में कैंटर चालक बालकिशन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। नाइट्रोजन गैस टैंकर के चालक देव सिंह देहरादून से कानपुर जा रहे थे।

# वृक्षारोपण महाअभियान का सच

**पालिका परिसर में सूख रहे सैकड़ों पौधे, विभाग का दावा- 25 हजार से अधिक लगा दिए पेड़**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, वृक्षारोपण महाअभियान-2025 की वास्तविकता सामने आई है। नगर पालिका परिसर में सैकड़ों पौधे सूखते मिले हैं। विभाग का दावा है कि सभी पेड़ लगा दिए गए हैं। जिले में इस अभियान के तहत 55 लाख 89 हजार 400 पौधे लगाने का लक्ष्य है। इसमें 23 विभाग शामिल हैं। इनमें वन विभाग, ग्राम विकास, राजस्व, पंचायती राज, कृषि, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, परिवहन और उद्यान विभाग प्रमुख हैं। नगर पालिका परिषद को शहर के 25 वार्डों में 25,200 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था। नपा प्रशासन का दावा है कि उन्होंने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है। लेकिन बुधवार को सामने आए एक वीडियो ने इस दावे की पोल खोल दी है। वीडियो में नपा परिसर के अंदर सैकड़ों सूखे पौधे दिख रहे हैं। इस मामले में नगर पालिका के ईओ लाल चंद से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# किसानों को दी गई आर्गेनिक खेती की जानकारी

## इन्हौना में विशेषज्ञों ने बताया धान की पैदावार बढ़ाने के तरीके

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, इन्हौना में यश त्रिवेदी प्रतिष्ठान पर किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। दयाल कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. आरपी सिंह और क्लस्टर इंचार्ज विवेक सिंह ने बुधवार को अपराह्न 3 बजे सैकड़ों किसानों को संबोधित किया। डॉ. आरपी सिंह ने किसानों को धान की उपज बढ़ाने के लिए कंपनी के उत्पादों के प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने आर्गेनिक खेती को अपनाकर किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने पर जोर दिया। क्लस्टर इंचार्ज विवेक सिंह ने किसानों को असली और नकली रासायनिक खाद की पहचान करने के तरीके बताए। कंपनी के अन्य सदस्य अभय सिंह, आलोक कुमार मिश्रा और ऋषिकेश पाठक ने विभिन्न उत्पादों के प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को मोनो जिंक, ह्यूमिक फर्ट, सुपर एक्शन अमृत जी धान प्रधान, नैनो सल्फ, वेजमोर, अनमोल खाद और पौध अमृत जैसे उत्पादों के उपयोग और लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में राम किशोर त्रिवेदी, शिव कुमार तिवारी, राजू तिवारी, पुतान त्रिवेदी, हरीश, बच्चन मिश्र, देव शंकर, मोहम्मद समीम और मोहम्मद वैश्य सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी